राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 112, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 07 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

'नेट-जीरो यूनिवर्सिटी कैंपस' के राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएगा डीयू
.... पेज 03

बस्ती : बिना काम कराए पैसा देने वाले 5 अवर अभियंताओं से वसूली जाएगी धनराशि
.... पेज 05

पुरुषों में रमेश चंद्रा ने जीती हैदराबाद हाफ मैराथन, महिलाओं में प्राजक्ता चैंपियन
.... पेज 07


## पंजाब में आप विधायक गिरफ्तार

### ईडी ने 40 करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड केस में पकड़ा, कार्यकर्ताओं की मीटिंग से उठाकर ले गए

जालंधर। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक प्रोफेसर जसवंत सिंह गज्जनमाजरा को गिरफ्तार कर लिया है। जिस समय ईडी ने उन्हें अरेस्ट किया, तब वे संगरूर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। वे संगरूर जिले की अमरगढ़ सीट से विधायक हैं। शाम करीब साढ़े 5 बजे ईडी की टीम विधायक का मेडिकल करवाने के लिए सिविल अस्पताल पहुंची। उनकी गिरफ्तारी 40 करोड़ रुपए के पुराने लेन-देन से जुड़े केस में हुई है। इसी मामले में ईडी ने



पिछले साल उनके घर, ऑफिस और अन्य संपत्तियों की जांच की थी। हालांकि उस वक्त विधायक की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पहले सूचना थी की विधायक को जांच में शामिल किया जाएगा। मगर सोमवार को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

#### ईडी ऑफिस के बाहर पहुंचे कई आप नेता पहुंचे

गिरफ्तारी के बाद उन्हें भारी सुरक्षा के बीच ईडी के जालंधर ऑफिस लाया गया।

यहीं पर ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उधर, विधायक की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही जालंधर में ईडी ऑफिस के बाहर आप कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। जिसके बाद पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी थी।

## दिल्ली की हवा सामान्य से 20 गुना ज्यादा प्रदूषित

### 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन, कंस्ट्रक्शन पर रोक; 10 नवंबर तक स्कूल बंद



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की हवा प्रदूषण के चलते जहरीली हो गई है। सोमवार को दिल्ली का ऐवरेज एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई 470 दर्ज किया गया। WHO के मुताबिक 0 से 50 के बीच का एक्यूआई सुरक्षित माना गया है। इस हिसाब से एवरेज एक्यूआई 25 होना चाहिए। यानी इस समय दिल्ली की हवा WHO की तय सीमा से 20 गुना ज्यादा प्रदूषित है।

दिल्ली में एयर क्वालिटी क्रिटिकल यानी खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 13 से 20 नवंबर तक गाड़ियों के लिए ऑड-ईवन सिस्टम लागू करने का ऐलान किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में प्रदूषण को काबू में लाने के लिए मीटिंग हुई थी।

इसमें दीपावली के अगले दिन से एक हफ्ते के लिए ऑड-ईवन फॉर्मूला लागू करने का फैसला किया गया। प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार गैर जरूरी कंस्ट्रक्शन, बीएस-3 कैटेगरी वाले पेट्रोल और बीएस-4 कैटेगरी वाले डीजल वाहनों पर पहले ही रोक लगा चुकी है। वहीं पांचवी तक के स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद करने का आदेश दिया गया था।

#### हरियाणा के सीएम बोले- प्रदूषण की कोई सीमा नहीं होती

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 5 नवंबर को कहा था कि प्रदूषण की कोई सीमा नहीं होती है। पंजाब की खराब हवा हरियाणा में भी प्रदूषण फैला रही है। खट्टर ने 4 नवंबर को भी भगवंत मान सरकार पर हरियाणा में प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया था।

#### क्या है ऑड-ईवन फॉर्मूला

दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को कम करने के लिए 2016 में पहली बार ऑड-ईवन सिस्टम लागू किया था। इसमें हफ्ते के एक दिन ऑड नंबर वाले फोर व्हीलर चलते हैं और अगले दिन ईवन नंबर वाले। ऑड-ईवन के दायरे से टू व्हीलर को बाहर रखा गया है। ईवन नंबर यानी जो 2 से डिवाइड हो जाएगी, जैसे- 2, 4, 6, 8, 10...। जबकि ऑड मतलब जो 2 से डिवाइड नहीं होगी, जैसे 1, 3, 5, 7, 9...।

#### यूपी-हरियाणा सरकार से पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की अपील

गोपाल राय ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद पिछले साल पटाखे फोड़े गए। इस साल दीपावली के बाद वर्ल्ड कप के मैच हैं। फिर छठ भी आ रहा है। दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया गया है कि टीमों को सतर्क करें। गोपाल राय ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित यूपी और हरियाणा के प्रदूषण की मार दिल्ली झेल रहा है।

**विरोध प्रदर्शन**



राष्ट्रीय आरोग्य अभियान संविदा कर्मचारी कार्रवाई समिति के सदस्यों ने ठाणे में स्थायी रोजगार की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### मानहानि : उपमुख्यमंत्री तेजस्वी को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ गुजरात की एक अदालत के समक्ष दायर आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उपमुख्यमंत्री यादव की मामले को गुजरात से बाहर स्थानांतरित करने की गुहार पर शिकायतकर्ता हरेश मेहता से जबाब तलब किया।

## राजस्थान : युवक ने गर्दन पर डेटोनेटर बांधकर खुद को उड़ाया

### ब्लास्ट से धड़ अलग हुआ; गर्लफ्रेंड की सगाई होने से परेशान था

उदयपुर। गर्लफ्रेंड की सगाई से परेशान युवक ने गर्दन पर डेटोनेटर बांधकर खुद को उड़ा लिया। धमाके से युवक के शरीर के चीथड़े उड़ गए और धड़ अलग हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग घबरा गए। मामला उदयपुर जिले के ऋषभदेव थाना क्षेत्र के ओड़वास गांव के मसारों की ओबरी गांव में रविवार रात 2 बजे की है।

थानाधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि मृतक नीलेश मीणा (24) की गर्लफ्रेंड की सगाई हो गई थी और वह परेशान चल रहा था। नीलेश गांव के पास माइनिंग में ही मजदूरी करता था। अल सुबह करीब 4 बजे सूचना मिली थी कि एक युवक ने ब्लास्ट कर खुद को उड़ा दिया था।

डीएसपी हेरंभ जोशी ने बताया कि घटना के बाद मामले की जांच की तो सामने आया कि नीलेश का गांव की ही रहने वाली लड़की से अफेयर चल रहा था। दोनों एक ही गोत्र के थे तो इनकी शादी नहीं हो सकती थी। ऐसे में लड़की की सगाई किसी और लड़के से हो गई थी।

#### घर से 100 मीटर की दूसरी पर हुआ ब्लास्ट

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि नीलेश रविवार को ही कहीं से डेटोनेटर लेकर आया था। इसके बाद रात में घर से 100 मीटर की दूरी पर



गया और खुद को ब्लास्ट कर दिया। धमाके की आवाज सुन नीलेश के पिता राजमल मीणा और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो नीलेश का सिर धड़ से अलग था। बेटे की हालत देख पिता बेसुध हो गए। नीलेश के पिता राजमल मीणा ने ऋषभदेव थाने में लड़की के परिजनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि रविवार रात करीब 12 बजे बाद मेरे बेटे को घर से 5 जने बुलाकर ले गए थे और उसकी गर्दन काट दी। नीलेश डेटोनेटर कहां से और किससे लेकर आया था इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। लेकिन नीलेश का गांव जिस ऋषभदेव इलाके में है, वहां मार्बल माइंस है। यहां माइंस में ब्लास्टिंग के लिए डेटोनेटर का उपयोग लिया जाता है। ऐसे में ये भी अंदेशा है कि वह अपने परिचित से इसे अवैध तरीके से भी लेकर आया हो।

## मोगा में भीषण हादसे में 5 की मौत

### धान से भरे ट्रक ने कार को मारी टक्कर; 1 की हालत गंभीर

एजेंसी

मोगा। पंजाब के मोगा में बड़ा हादसा हुआ है। गांव कडाहे वाला के पास कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कार में सवार 5 व्यक्तियों की मौत हो गई है। एक अन्य को गंभीर हालत में इलाज के लिए मोगा अस्पताल में दाखिल कराया गया है। लाशों को मोगा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है और मृतकों की पहचान के प्रयास कर रही



है। दुर्घटनाग्रस्त कार दिल्ली नंबर की है। प्रारंभिक जानकारी अनुसार मोगा के गांव कडाहे वाला के पास सोमवार सुबह एक कार मोगा की ओर से अमृतसर की ओर जा रही थी। रास्ते में दूसरी साइड से धान से भरे ट्रक के साथ कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पांच व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य को राहगीरों ने जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार से सभी शवों को निकाल कर मोगा अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया।

## सरकार ने लॉन्च किया भारत आटा, रु 27.50 किलो बिकेगा

### मोबाइल वैन में 10 और 30 किलो पैक में मिलेगा, चना दाल रु 60 किलो में मिल रही

नई दिल्ली। केंद्र सरकार देशभर में 27.50 रुपए प्रति किलो की कीमत पर भारत आटा उपलब्ध कराएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार, 6 नवंबर को दिल्ली में आटे के वितरण वाहनों (मोबाइल वैन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसे 10 किलो और 30 किलोके पैक में उपलब्ध कराया जाएगा।

देशभर में 2 हजार आउटलेट पर यह आटा मिलेगा। इसे नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग



फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड , नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया , सफल, मदर डेयरी और अन्य सहकारी संस्थानों के जरिए बेचा जाएगा।

#### ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का एलॉकेशन

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस दौरान बताया कि इसके लिए ढ़ाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का एलॉकेशन विभिन्न सरकारी एजेंसियों को किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार अभी देश में आटे की औसत कीमत 35 रुपए किलो है।

## स्कूली छात्राओं को फ्री सैनिटरी पैड बांटने की पॉलिसी तैयार

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- लोगों की राय लेने के लिए चार हफ्ते चाहिए

नई दिल्ली। स्कूली छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड बांटने की योजना को लेकर नेशनल पॉलिसी तैयार कर ली गई है। केंद्र सरकार ने इसकी जानकारी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को दी। साथ ही आम लोगों की राय जानने के लिए कोर्ट से 4 हफ्ते का समय भी मांगा।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र सरकार से कहा कि छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन बांटे जाने की प्रक्रिया एक समान होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि देश के सभी सरकारी और रहवासी स्कूलों में लड़कियों की संख्या के अनुपात में टॉयलेट का निर्माण कराने के लिए नेशनल मॉडल बनाएं।

इस मामले में 10 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक समान पॉलिसी बनाकर पेश करने को कहा था। इसके लिए कोर्ट ने 4 हफ्ते का समय दिया था। हालांकि केंद्र यह पॉलिसी करीब 7 महीने बाद ड्राफ्ट कर पाया।

#### जनहित याचिका में लड़कियों को फ्री पैड देने की मांग की गई

सोशल वर्कर जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता



जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते हैं और कपड़ा यूज करके उन दिनों में स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है।

स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

#### सुप्रीम कोर्ट ने मांगा था सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन के खर्च का ब्योरा

10 अप्रैल की सुनवाई में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से स्कूलों में लड़कियों के टॉयलेट की उपलब्धता और सैनिटरी पैड की सप्लाई को लेकर जानकारी भी मांगी थी। साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सैनिटरी पैड और सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन के लिए किए गए खर्च का ब्योरा देने को भी कहा था।

इसके बाद 24 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन राज्यों को चेतावनी दी, जिन्होंने तब तक फ्री सैनिटरी नैपकिन देने के लिए एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने पर केंद्र को अपना जवाब नहीं सौंपा था। कोर्ट ने कहा कि अगर वे 31 अगस्त तक जवाब नहीं देते हैं तो सख्ती की जाएगी।

**रिपोर्ट**

### गृह मंत्रालय की संसदीय समिति ने मंजूर की; विपक्षी सदस्यों ने जताई असहमति

## क्रिमिनल लॉ की जगह लेने वाले बिल की रिपोर्ट पेश

**नई दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता , दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन विधेयकों पर आई रिपोर्ट गृह मंत्रालय की संसदीय कमेटी में एक्सेप्ट कर लिए हैं। इसके साथ ही विपक्षी सदस्यों ने भी अपनी असहमति वाले नोट भी सबमिट कर दिए हैं।

27 अक्टूबर को हुई बैठक में कमेटी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया था। कुछ विपक्षी सदस्यों ने ड्राफ्ट पढ़ने के लिए और समय मांगा था। कमेटी ने उनकी मांग मान ली थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक ये बिल सोमवार (6 नवंबर) की बैठक में मंजूर कर लिए।

#### विपक्ष ने मांगा था बिल पढ़ने का समय

इससे पहले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम समेत विपक्षी सदस्यों ने कमेटी के अध्यक्ष बृज लाल से ड्राफ्ट पर फैसला लेने के लिए दिए गए समय को तीन महीने बढ़ाने का आग्रह किया था। सदस्यों ने कहा था कि चुनावी लाभ के लिए इन विधेयकों को उछालना सही नहीं है।

ये विधेयक 11 अगस्त को संसद में पेश किए गए थे। अगस्त में ही इससे जुड़ा ड्राफ्ट गृह मामलों की स्थायी समिति को भेजा गया था।

कमेटी को ड्राफ्ट स्वीकार करने के



लिए तीन महीने का समय दिया गया है।

#### अमित शाह ने तीन कानूनों में बदलाव के बिल पेश किए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में 163 साल पुराने 3 मूलभूत कानूनों में बदलाव के बिल लोकसभा में पेश किए थे। सबसे बड़ा बदलाव राजद्रोह कानून को लेकर है, जिसे नए स्वरूप में लाया जाएगा। ये बिल इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसिजर कोड और एविडेंस एक्ट हैं।

#### 3 विधेयकों से क्या बदलाव होगा?

कई धाराएं और प्रावधान अब बदल जाएंगे। आईपीसी में 511 धाराएं हैं, अब 356 बचेंगी। 175 धाराएं बदलेंगी। 8 नई जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह CrPC में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें से 4.44 करोड़ केस ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं। तीनों बिल जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजे गए हैं। इसके बाद ये लोकसभा और राज्यसभा में पास किए जाएंगे।

## दिल्ली-एनसीआर, उत्तर भारत और नेपाल में भूकंप के झटके

नयी दिल्ली। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और नेपाल में सोमवार को फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गयी।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा नेपाल में सोमवार को एक बार फिर से बहुत तेज भूकंप के झटके महसूस किये गये। तीन दिन के बाद ही दूसरे भूकंप ने लोगों को डरा कर रख दिया है।

सूत्रों के अनुसार दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के झटके उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में भी महसूस किये गये।




राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की है। भूकंप का केन्द्र के नेपाल में होने की पुष्टि की गयी है। इससे पहले नेपाल में तीन नवंबर को भी 6.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये थे। इसके कारण नेपाल में करीब 150 लोगों की मौत हो गयी। गत 15 और 16 अक्टूबर को भी दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किये गये थे। इन तीनों भूकंपों का केंद्र नेपाल में ही था। फिलहाल इस भूकंप से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के झटकों के कारण कयी जगहों पर लोग डर के कारण घर से बाहर निकल आये।

केंद्र ने बताया कि आज आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने 5.6 मापी गयी। भूकंप के झटके अपराह्न 16 बजकर 16 मिनट और 40 सेकंड पर महसूस किसे गये। भूकंप का केंद्र 28.89 अक्षांश और 82.36 देशांतर में जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकियों पर जीपीएस ट्रैकर पायल से निगरानी रखेगी

श्रीनगर। कुछ दिन पहले, जब जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक जमानत प्राप्त आतंकवादी के शरीर पर ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकर 'पायल' लगाया, तो वह चौबीसों घंटे जमानत प्राप्त आतंकियों की निगरानी करने वाली तकनीक का उपयोग करने वाली देश की पहली पुलिस बन गई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत के आदेश पर आतंकवाद से जुड़े एक मामले में आरोपी गुलाम मोहम्मद भट को जीपीएस ट्रैकर 'पायल' के साथ टैग किया गया। अधिकारियों के अनुसार, हिजबुल मुजाहिदीन के कार्यकर्ता भट पर आतंकी संगठन के लिए धन जुटाने का आरोप है। उसने उधमपुर पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के अंतर्गत दर्ज एक मामले में जमानत के लिए आवेदन किया था। जम्मू की विशेष एनआईए अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलों को सही पाया जिसमें आतंकवाद के आरोपियों पर नजर रखने और जमानत देने के लिए कड़ी शर्तों की मांग की गई थी और उसने जम्मू-कश्मीर पुलिस को आरोपी पर जीपीएस ट्रैकर 'पायल' लगाने का निर्देश दिया था। बाद में अदालत के निर्देश पर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आरोपी पर जीपीएस ट्रैकर पायल लगा दिया। भट जम्मू-कश्मीर द्वारा जीपीएस ट्रैकर पायल चिपकाने वाला पहला व्यक्ति है।

### ईडी के सामने सिंह के पेश होने पर डीएसएस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया

जम्मू। डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी (डीएसएस) के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह के दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सिंह जम्मू ईडी के सामने एक शैक्षिक ट्रस्ट मामले में पूछताछ के लिए बुलाए गए थे। गौरतलब है कि ट्रस्ट का संचालन श्री सिंह और उनकी पत्नी कांता अंदोत्रा (पूर्व विधायक) करते हैं। श्रीमती अंदोत्रा के समर्थकों और डीएसएस के कार्यकर्ताओं ने नरवाल में ईडी कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर सिंह को भेजे गए समन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सिंह के समर्थकों ने भाजपा विरोधी नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर सिंह को परेशान किया जा रहा है। सुश्री अंदोत्रा के आर बी एजुकेशनल ट्रस्ट और एक पूर्व सरकारी अधिकारी के खिलाफ ट्रस्ट की स्थापना के लिए जमीन खरीद में कथित अनियमितताओं के मामले में धनशोधन जांच चल रही है जिसके अंतर्गत ईडी ने जम्मू और उसके आसपास के इलाकों में तलाशी ली थी। अंदोत्रा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ईडी जैसी एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान कर रही है।

### हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने व्यापारियों के कल्याणार्थ अपनी वचनबद्धता दोहराते हुए हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार बोर्ड का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं और मुद्दों का समाधान करना, व्यापारी और राज्य सरकार के बीच एक सेतु का काम करना, व्यापारियों की सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा कवर सुनिश्चित करना, राज्य में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाना, व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विभागों के नियमों एवं शर्तों का विश्लेषण करना और उनके समीकरण के लिए सरकार को सुझाव देने के साथ-साथ व्यापारिक कल्याण कोष का गठन करना है। बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा दो उपाध्यक्ष होंगे। इसके अलावा वित्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, श्रम, आबकारी एवं कराधान, उद्योग एवं वाणिज्य, ऊर्जा, खनन एवं भूविज्ञान, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभागों के प्रशासनिक सचिव बोर्ड इसके सदस्य होंगे जबकि हरियाणा सिविल सेवा का अधिकारी जो बोर्ड का सचिव भी है, सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेगा। अधिसूचना अनुसार राज्य सरकार समय-समय पर 10 गैर- सरकारी सदस्यों को बोर्ड का सदस्य भी मनोनीत कर सकती है। बोर्ड का मुख्यालय पंचकूला में होगा।

### आक्या की नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब

चित्तौड़गढ़ । राजस्थान विधानसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ विधानसभा सीट से भाजपा के बागी प्रत्याशी एवं विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने आज निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आक्या की नामांकन रैली में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसे श्री आक्या के शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी से टिकट कटने के बाद से लगातार शक्ति प्रदर्शन कर रहे श्री आक्या ने आज अपना निर्दलीय नामांकन पेश करने के बाद एक बार फिर नामांकन सभा एवं रैली के माध्यम से जबर्दस्त शक्ति प्रदर्शन किया जिससे शहर की सड़कें करीब चार घंटे तक जाम रही। सभा एवं रैली में सर्व समाज के लोग देखे गए जो लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रों से आए थे। रैली में सम्पूर्ण भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी आनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता भगवा लहराते देखें गये। सभा में पूर्व विधायक एवं भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट ने चंद्रभान की जीत तक साफा नहीं पहनने का संकल्प लिया। वह प्राय: साफा पहने रहते हैं। सभा और रैली में पूर्व सभापति और संघनिष्ठ सुशील शर्मा , भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी खेमे के पूर्व न्यास अध्यक्ष सुरेश झंवर भी ना केवल मौजूद रहे बल्कि आक्या को जीताने का संकल्प लिया। इससे पूर्व आक्या के निर्दलीय नामांकन में ये प्रस्तावक भी बने। आक्या ने आज नामांकन के चार सेट प्रस्तुत किये जिसमें दो भाजपा से एवं दो सेट निर्दलीय प्रस्तुत किये।

### चरम पर पहुंची बेरोजगारी, दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंचा भारत : जदयू

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को घेरते हुए आज कहा है कि देश के गृहमंत्री हमेशा की तरह बिहार में एक बार फिर जुमलेबाजी कर के चले गये, लेकिन यह नहीं बताया कि कैसे उन्होंने बेरोजगारी में मामले में देश को दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। रंजन ने सोमवार को कहा कि हाल में हुए एक सर्वेक्षण और अनुसंधान समूह सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, आज देश में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत को पार कर गई है। यह दिखाता है कि सरकार का ध्यान बेरोजगारी को थामने की तरफ है ही नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में नौकरी खोजने वालों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। दूसरी तरफ सरकार का पूरा ध्यान चुनावों की तरफ लगा हुआ है। जदयू महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा से सवालिया लहजे में कहा कि सरकार में बैठे नेताओं को बताना चाहिए कि साढ़े नौ वर्ष के उनके कार्यकाल के बाद भी युवाओं को नौकरी के लिए क्यों भटकना पड़ रहा है। वह बताएं कि उनके वादे के मुताबिक सालाना दो करोड़ नौकरियों का सृजन क्यों नहीं हो रहा है।

### महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या

कुक्षी (धार)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि महंगाई और बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्याएं हैं और रोजगार देने वाली कंपनियों को कुछ उद्योगपतियों के हाथों में देने से देश को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वाड्रा मध्यप्रदेश के धार जिले के कुक्षी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने आदिवासीबहुल इस क्षेत्र में कहा कि जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कभी आदिवासियों की संस्कृति बदलने की कोशिश नहीं की। उनकी नीतियों से आदिवासियों का भला हुआ। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं की बेरोजगारी और महंगाई इस समय की सबसे बड़ी समस्या है। सरकारी पद खाली पड़े हैं। अधिकतर रोजगार पहले सरकारी बड़ी कंपनियों से आते थे, लेकिन अब सरकार ने उन्हें कुछ उद्योगपतियों के हाथों में सौंप दिया, जो बेरोजगारी का बड़ा कारण है। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि क्या किसी को पता है कि अडानी और अंबानी जैसे उद्योगपति क्या बनाते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगपतियों को कोरोना और जीएसटी जैसी चीजों ने बर्बाद कर दिया। जीएसटी के कारण महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ रही है। वाड्रा ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्याज के दाम बढ़ने पर सरकार को घेर लेते थे, लेकिन अब वे कुछ नहीं बोल रहे।

# सार्वजनिक परिवहन भी कर रहा हवा को दूषित

नोएडा। सार्वजनिक परिवहन भी जिले की हवा को दूषित कर रहा है। जिले में पंजीकृत 20435 ऑटो में से करीब तीन हजार बिना फिटनेस जांच के ही सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। परिवहन विभाग इन ऑटो चालकों को नोटिस जारी कर चेतावनी भी दे चुका है फिर भी चालक फिटनेस टेस्ट नहीं करा रहे। वहीं दो हजार ऑटो ऐसे हैं जिन्होंने दो वर्षों से प्रदूषण जांच नहीं कराई है। अब इनके संचालकों को आखिरी चेतावनी जारी की जाएगी, इसके बाद पंजीयन निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। ऑटो एसोसिएशन के मुताबिक एक दिन में करीब पांच लाख लोग ऑटो में सफर करते हैं। 16-16 किलोमीटर के दो रूटों पर यह ऑटो दिन भर फेरे लगाते



हैं। ऐसे में इनसे अधिक प्रदूषण होना स्वभाविक है। इन दिनों जिले की हवा वैसे ही काफी ज्यादा खराब है। एक्यूआई 400 का आंकड़ा भी पार कर चुका है। अब इसमें ऑटो भी बढ़ोत्तरी कर रहे हैं। प्रदूषण की रोकथाम के लिए शनिवार को परिवहन विभाग की बैठक हुई। इसमें भी कमर्शियल वाहनों व सार्वजनिक परिवहन से कम से कम प्रदूषण के लिए रणनीति बनाई गई। एआरटीओ सियाराम वर्मा ने बताया कि जिले में सार्वजनिक परिवहन का मुख्य हिस्सा ऑटो ही हैं, ऐसे में विभाग ऑटो पर अधिक फोकस कर रहा है। जांच न कराने पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### टैक्सियों पर भी रहेगी नजर

जिले में टैक्सी की श्रेणी में भी 13965 वाहन पंजीकृत हैं। इनपर भी विभाग नजर रखेगा।

विभाग के अनुसार टैक्सियों में 1200 टैक्सियां अनफिट और 765 टैक्सी की संचालकों ने प्रदूषण जांच नहीं कराई है। इनके चालकों को भी नोटिस भेजा जाएगा। वहीं शहर में 3549 बस, 15289 ई रिक्शा भी संचालित हो रहे हैं।

## बारूदी सुरंग विस्फोट में एक जवान और दो चुनाव अधिकारी घायल

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में आज नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट किया गया, जिसमें सीमा सुरक्षा बल का एक जवान और दो चुनाव अधिकारी घायल हो गए। सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घायलों को बेहतर उपचार के लिए हेलिकाप्टर से रायपुर रवाना किया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कांकेर जिले के थाना छोटेबिटिया से सीमा सुरक्षा बल और जिला रिजर्व पुलिस की एक संयुक्त पार्टी चुनाव दल को लेकर कैम्प मरबेड़ा से रेंगाघाटी मतदान केन्द्र की ओर जा रही थी। इसी दौरान रेंगागोंदी के पास शाम को बारूदी सुरंग विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल का एक आरक्षक चंद्र प्रकाश सेवत और दो चुनाव पीठासीन अधिकारी घायल हो गए। घायलों का प्रारंभिक इलाज छोटेबिटिया प्राथमिक स्वाास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है।

# ग्रेनो की हवा से ज्यादा नोएडा की हवा में प्रदूषण

एजेंसी

नोएडा। जिले में लगातार 72 घंटे बाद भी हवा खतरनाक बनी हुई है। अब नोएडा की हवा अब ग्रेटर नोएडा से भी अधिक प्रदूषित हो गई है। ग्रेटर नोएडा में रविवार को मामूली राहत मिलने से एक्यूआई में गिरावट आई है।

वहीं नोएडा देश में सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में छठवें नंबर पर पहुंच गया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा दोनों ही डार्क रेड जोन में बने हुए हैं। गैस चैंबर बने होने से रविवार को भी जहां दोनों जगह धुल और धुएं की परत छाई रही। वहीं लोगों को भी सांस लेने में दिक्कत बनी रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को नोएडा का एक्यूआई 414 रिकॉर्ड हुआ। तड़के सुबह से ही हवा में धुंध छाए रहने की वजह से एक्यूआई कई इलाकों में 500 के नजदीक तक पहुंच गया। दोपहर में करीब 12 बजे हवा तेज होने की वजह से इसमें तेजी से गिरावट आई। सेक्टर-62 में ही सुबह के समय जहां एक्यूआई 487 बना हुआ था। वहीं दोपहर में करीब दो बजे यह 265 तक कम हो गया।

हालांकि, हवा थमने के बाद फिर से हवा जहरीली हो गई। शाम को करीब आठ बजे यहां एक्यूआई बढ़कर 466 पर पहुंच गया। आवासीय सेक्टर-116 में भी एक्यूआई 399 रहा।

इसके अलावा सेक्टर-1 में 401 और सेक्टर-125 में 354 का आंकड़ा एक्यूआई ने बनाया। ग्रेटर नोएडा में भी औसत एक्यूआई जहां 410 रिकॉर्ड किया गया है। वहीं नोलेज पार्क-3 में एक्यूआई 459 और नोलेज पार्क-5 में 324 रहा।

# पंजाब में व्यापारियों का एक लाख रु तक का वैट माफ



**चंडीगढ़।** पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने दिवाली पर्व पर राज्य के व्यापारियों का एक लाख रुपये तक का वैट माफ करने तथा अन्य देनदारियों के लिये एक मुश्त निपटान योजना के साथ आम जनता के लिये धार्मिक दर्शनों के लिये योजना को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसले लिये गये। सरकार ने राज्य के उन व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की है जिनकी ओर से वैट के तहत एक लाख रुपए सरकार को देय था। इस राशि को अब माफ कर दिया गया है, जबकि एक लाख से एक करोड़ रुपये तक के बकाया वाले व्यापारियों को एक मुश्त निपटान योजना (ओटीएस) के तहत 50 प्रतिशत की छूट दी गई है।

बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुए वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि इससे पहले भी राज्य की पूर्व सरकारें दो बार वन टाइम सेटलमेंट योजना ला चुकी हैं लेकिन दोनों बार ये विफल रहीं। आप सरकार ने सत्ता में आकर इन दोनों योजनाओं का विश्लेषण किया और नयी योजना लाने के लिये लुधियाना, जालंधर, मोहाली और अमृतसर में व्यापारियों से बात करके उनका इनपुट लिया गया।

## सरकार में हिम्मत है तो वह जातीय सर्वे के वार्ड और पंचायत-वार आंकड़े पेश करे

पटना । बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने रविवार को चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार में हिम्मत है तो वह जातीय सर्वे के वार्ड और पंचायत-वार आंकड़े विधानसभा में पेश करे । मोदी ने बयान जारी कर कहा कि राज्य में जातीय सर्वे के नाम पर अतिपिछड़ों की हकमारी की गई और सरकार-समर्थक समूहों की संख्या वास्तविकता से बहुत अधिक दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि नीतीश सरकार में हिम्मत है तो वह शहरों के वार्ड-वार और गांवों के पंचायत -वार जातीय आंकड़े तुरंत विधानसभा में पेश करे। भाजपा सांसद ने कहा कि जातीय सर्वे में एक जाति विशेष और एक अल्पसंख्यक वर्ग की संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का गृह मंत्री अमित शाह का आरोप सही है।

# अमरनाथ गुफा तक वाहनों का पहला जत्था पहुंचने के साथ बीआरओ ने रचा इतिहास

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने हाल ही में वाहनों के पहले जत्थे के पवित्र अमरनाथ गुफा तक पहुंचने के साथ एक इतिहास रचा है।

बीआरओ को अमरनाथ गुफा मार्गों पर सड़क चौड़ीकरण का काम सौंपा गया था। संगठन ने इस कठिन कार्य के पूरा होने की घोषणा की।

बीआरओ ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की प्रोजेक्ट बीकन अमरनाथ यात्रा ट्रैक की बहाली और सुधार में शामिल है। सीमा सड़क कर्मियों ने कठिन कार्य पूरा किया और वाहनों के पहले जत्थे के पवित्र गुफा तक पहुंचने के साथ इतिहास रचा।

बीआरओ के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने डुमैल (गांदरबल जिले में) से बालटाल आधार शिविर से अमरनाथ गुफा तक एक ट्रक और छोटे पिकअप वाहनों का इस्तेमाल अमरनाथ की पवित्र गुफा के पास चल रहे काम के लिए किया। उन्होंने कहा, गाड़ियां में गुफा पर हमें बहुत सारा सामान ले जाना था।

हमें बहुत सारे स्थायी काम करने थे। उन्होंने कहा, बीआरओ के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही है क्योंकि बहुत ही कम समय में हम वहां पहुंच गए। हमारा लक्ष्य हिमपात से पहले वहां पहुंचना था।

अधिकारी ने कहा कि अभी, संगम आधार से गुफा तक और संगम टॉप रोड से बालटाल होते हुए लगभग 13 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। अमरनाथ तक सड़क बनने से तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा का समय कम हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कश्मीर में श्री अमरनाथ जी की गुफा समुद्र तल से लगभग 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यह यात्रा हिंदुओं के लिए एक पवित्र तीर्थयात्रा के रूप में अत्यधिक महत्व रखती है।

हर साल, हजारों श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा में भाग लेते हैं। इस साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की।

गुफा तक पहुंचने के लिए दो मार्ग है जिनमें अनंतनाग जिले में पहलगाम और गांदरबल जिले में बालटाल है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस वर्ष अप्रैल में श्री अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पहलगाम से पवित्र अमरनाथ गुफा तक 110 किलोमीटर लंबा अमरनाथ मार्ग लगभग 5300 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने की घोषणा की थी।

# हिमपात से निपटने के लिए प्रशासन ने की तैयारिया

शिमला। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इस वर्ष जिला में हिमपात सामान्य एवं सामान्य से कम रहने तथा तापमान सामान्य व सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।

शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने प्रदेश की राजधानी शिमला में हिमपात से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र शिमला में नियंत्रण कक्ष पहले ही स्थापित कर दिया गया है। इसके लिए 1077 टॉल फ्री नम्बर 24ग7 काम करेगा।

उन्होंने हिमपात के दौरान लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं नगर निगम शिमला को प्राथमिकता के आधार पर सभी मार्गों को खोलने के निर्देश दिए।




उन्होंने अधिकारियों को जगह-जगह सड़कों पर पर्याप्त रेत एवं कैल्शियम क्लोराइड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए तथा वहीं समय रहते मशीनरी के संबंध में भी टेंडर प्रक्रिया शुरु करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला के सभी स्थानों पर आवश्यक वस्तुओं के पर्याप्त भण्डारण करने के उचित कदम उठाए जा रहे हैं ताकि भारी बर्फबारी के चलते दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को हिमपात के दौरान एम्बुलेंस तथा अन्य गाड़ियों के लिए टायर चौन का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए ताकि आपातकालीन स्थिति में बर्फ के बीच गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने अन्य संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को हिमपात के दौरान जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का आग्रह किया ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि शिमला शहर में बड़े अस्पतालों एवं मुख्य जगहों के चलते कुछ सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर खोला जाना आवश्यक है, जिसमें संजौली से आईजीएमसी, आईजीएमसी से कैंसर अस्पताल, केएनएच से कार्ट रोड, राजभवन से ऑकओवर, हॉलीलॉल से रिज, रिच माउंट, यूएस क्लब, ओकओवर एवं सचिवालय, बालूगंज से पीटरऑफ होते हुए चौड़ा मैदान से एजी ऑफिस तक, लिफ्ट से हाईकोर्ट-ओकओवर-छोटा शिमला, कार्ट रोड से विक्ट्री टनल-सचिवालय, कार्ट रोड से विक्ट्री टनल संजौली लक्कड़ बाजार होते हुए, कैनेडी चौक से अनाडेल, छोटा शिमला से कुसुम्पटी पंथाघाटी, मैहली से शोघी सड़कें शामिल है।

## ट्रांसपोर्ट संगठनों ने हरियाणा में छह टोल बंद होने पर व्यक्त किया आभार

चंडीगढ़। यूनाइटेड फ्रंट फॉर ट्रक ट्रांसपोर्ट एंड सारथी एसोसिएशन ने हरियाणा में विभिन्न राजमार्गों पर छह टोल प्लाजा बंद करने की मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की हाल की घोषणा के लिये उनका आभार व्यक्त किया है।

यूनाइटेड फ्रंट फॉर ट्रक ट्रांसपोर्ट एंड सारथी एसोसिएशन देशभर के 22 राज्यों के 104 से अधिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करती है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में एसोसिएशन ने हरियाणा में पारदर्शी और कुशल शासन के प्रति खट्टर की प्रतिबद्धता की सराहना की है। एक ही राजमार्ग पर कई टोल प्लाजा होने से देश भर में ट्रक, ट्रेलर और भारी वाणिज्यिक वाहनों से परिवहन मालिकों पर वित्तीय बोझ पड़ता है, जिसे हटाने को लेकर एसोसिएशन की मांग अर्से से लम्बित थी। ये छह टोल प्लाजा हटाने को लेकर न केवल राज्यवासियों बल्कि ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने वाले सभी लोगों ने भी सरकार के फैसले की सराहना की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार बंद होने वाले छह टोल प्लाजा में राजस्थान सीमा के पास नारनौल-निजामपुर रोड पर गांव बिशरपुर, पंजाब सीमा के पास कैथल-पटियाला रोड पर तातियाना गांव और सुबाना-कोसली-नाहर-कनीना रोड पर गुज्जरवास गांव स्थित टोल प्लाजा शामिल हैं। इसी प्रकार, पंजाब सीमा के पास कैथल-खन्नौरी रोड पर संगतपुरा गांव में टोल प्लाजा भी 10 नवम्बर, 2023 से बंद हो जाएगा।

## एनसीसी, तेलंगाना व आंध्र गणतंत्र दिवस शिविर की प्रतियोगिता के लिए तैयार

हैदराबाद। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के नौ एनसीसी समूह ने गणतंत्र दिवस शिविर 2024 की तैयारी करने के लिए 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मेहदीपट्टनम सैन्य गैरीसन में आयोजित एक अंतर-समूह प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। लड़के और लड़कियों के कैडेटों ने ड्रिल, छोटे हथियारों से फायरिंग, दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक प्रदर्शनियों, विभिन्न शैलियों में फोटोग्राफी और ध्वज प्रतियोगिताओं सहित कई चुनौतीपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में वारंगल समूह चैंपियन बना जबकि सिकंदराबाद समूह इस प्रतियोगिता में उपविजेता बना। एनसीसी निदेशालय तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के उप महानिदेशक, एयर कमोडोर वी मधुसूदन रेड्डी ने कैडेटों की चयन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने प्रतियोगिता की सफलता में योगदान देने वाले कैडेटों और अधिकारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की।

# राजेश पंत बने आईआईटी, ऊना के आईएसी सदस्य

एजेंसी

ऊना। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी)-ऊना ने लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) राजेश पंत को अपने संस्थान सलाहकार परिषद (आईएसी) के सदस्य के रूप में नामित किया है। साइबर सुरक्षा और शासन के क्षेत्र में उनकी प्रभावशाली साख और अनुभव उन्हें परिषद के लिए एक मूल्यवान सदस्य बनाते हैं।

संस्थान सलाहकार परिषद (आईएसी) आईआईआईटी ऊना के विकास और निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो शिक्षा की गुणवत्ता और संस्थान की तेजी से वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करती है।

(डॉ) राजेश पंत (पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त) आईआईटी-खड़गपुर के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र हैं। सूचना सुरक्षा मेट्रिक्स के क्षेत्र में अपने शोध के लिए पीएचडी की डिग्री के अलावा, उनके पास ट्रिपल मास्टर डिग्री है - आईआईटीखड़गपुर से एम.टेक., मद्रास विश्वविद्यालय से एम.फिल. और उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से मास्टर ऑफ मैनेजमेंटस्टडीज। लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) राजेश पंत एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित साइबर सुरक्षा सलाहकार हैं, जिन्होंने हाल ही में पीएमओ के तहत भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक की प्रतिष्ठित नियुक्ति निभाई है।

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक की क्षमता में, राजेश पंत भारत के लिए एक सुरक्षित और लचीला साइबरस्पेस सुनिश्चित करने के लिए कई क्षेत्रों में सभी गतिविधियों के समन्वय के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक, रियाद में वैश्विक साइबर सुरक्षा फोरम, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ द्विपक्षीय वार्ता, क्वाडडायलॉग, प्राग5 जी सुरक्षा कॉन्क्लेव, इज़राइल और सिंगापुरसाइबरवीक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और ग्लोबल के रेजिलिएंसवर्टिकल का नेतृत्व किया है।

# रतूड़ी ने की मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) राधा रतूड़ी ने सोमवार को सभी विभागों को स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के सौ फीसदी पूरा होने तक घोषणाओं के कार्यों की नियमित, निरन्तर व कड़ी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी विभागों को ऑनरशिप लेनी होगी तथा मिशन



मोड पर कार्य करना होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विलम्ब एवं लापरवाही स्वीकार नही की जाएगी।

रतूड़ी ने सचिवालय में सोमवार को मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन घोषणाओं के तहत, विद्यालयी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के अंतर्गत, किये जाने वाले कार्य शीर्ष प्राथमिकता और समयबद्धता पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि घोषणा के अनुरूप, 600 अतिरिक्त विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र धारचूला के तहत आपदा में अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था की जा रही है। कर्णप्रयाग के विकासखण्ड गैरसैंण के रा0 इ0 का0 हरगड, रा0 इ0 कालेज सिलपाटा तथा थराली के राजकीय इण्टर कॉलेज रैंस चोपता में मुख्य भवन निर्माण के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है।

## झारखंड में वेटनरी यूनिवर्सिटी की स्थापना जल्द : बादल

एजेंसी

रांची। झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वेटरिनरी यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए पहल की जा रही है और हम लोगों ने बजट उपबंध भी कर लिया है।

बादल ने आज यहां हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आदर्श हॉस्पिटल एवं वीडियो कॉल बेस्ड टेलीमेडिसीन सेंटर के उद्घाटन के दौरान कहा कि सरकार सरकार में सिस्टम से लेकर रिस्पॉन्स तक सब कुछ बदल रहा है। विभाग को हमने संवारने का काम किया है।

राज्य में ऐसे पशु चिकित्सालय की सख्त जरूरत महसूस की जा रही थी और आज इसका शुभारंभ कर दिया गया है।

## शार्ट न्यूज

### लूट-अपहरण करने वाला मुठभेड़ में घायल

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र इलाके में पुलिस और बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई है। पुलिस के मुताबिक पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बाइक सवार बदमाश आया। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो बदमाश ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है। लोनी एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि रविवार रात को पुलिस की चेकिंग के दौरान बंथला से चिरोड़ी जाने वाली नहर की पटरी के पास सकलपुरा चौराहे पर अपराधी और पुलिस में मुठभेड़ हुई है। इस दौरान बदमाश दीपांशु पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर मे गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दीपांशु पर लूट, चोरी एवं हत्या का मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में दीपांशु ने बताया कि इसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 26 अक्टूबर को लोनी क्षेत्र से होंडा इमेज कार एक महिला टीचर सरिता वर्मा से हथियारों के बल पर छीनी थी, जो मेरे फरार साथियों के पास है। आपको बता दें महिला टीचर सरिता वर्मा से 26 अक्टूबर को दिनदहाड़े उनकी होंडा अमेज कर लूट ली थी। जब वह स्कूल से वापस अपने घर जा रही थी। महिला टीचर के अपहरण का भी प्रयास हुआ था, लेकिन उनके चिल्लाने पर और भीड़ इकठ्ठा होता देख बदमाश फरार हो गए थे। सरिता वर्मा सलेमपुर लोनी सरकारी स्कूल में पढ़ाती हैं, वह अपनी कार से स्कूल से दोपहर 3 बजे घर जा रही थी।

### एक क्विंटल विस्फोटक सामग्री बरामद

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान अशोक विहार निवासी सईद तिलगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के पास यह सूचना थी कि सईद मोटे स्तर पर अवैध आतिशबाजी और पटाखों का काम करता है। सईद को लेकर पुलिस ने जब उसके अड्डे पर छापा मारा तो पुलिस हैरान रह गई। पुलिस को एक कुंतल से अधिक विस्फोटक सामग्री 310 डिब्बे जिन में पटाखे बने हुए थे। अधबने पटाखे, पटाखे बनाने की मशीन और उसमें इस्तेमाल होने वाली कच्ची सामग्री मिली। एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय के मुताबिक सईद ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि वह आगामी त्यौहार दीपावली बर्थडे पार्टी शादी के लिए अवैध पटाखे बनाता था। उसके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है। सईद को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पुलिस का दावा है कि अब वह उन संबंधों को खंगाल नहीं है। जहां से सईद को कच्चा सामान मिलता था या यह बनाकर सप्लाई करता था। आपको बता दें की लोनी अवैध आतिशबाजियों का गढ़ है और यहां कई बार विस्फोट में जान और माल का जबरदस्त नुकसान हुआ है। दीपावली त्यौहार के आते-आते यहां अवैध आतिशबाजी की मंडी सजाती है और इसी तरीके से बिक्री की जाती है।

### विदेशी युवक-युवती ड्रग्स सहित गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस की स्वाट टीम ने रविवार देर रात दो विदेशी युवक-युवतियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। इनसे करीब 400 ग्राम स्मैक रिकवर हुई है। ये उसकी सप्लाई करने गाजियाबाद आए थे। पुलिस की एक टीम आगे के सुराग तलाशने के लिए दिल्ली गई हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त (क्राइम) सच्चिदानंद ने बताया, स्वाट टीम ने हापुड़ चुंगी के पास से तंजानिया की युवती और नाइजीरिया के युवक को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ नारकोटिक ?स ड्र ?स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट में थाना कविनगर में स्नह्वक्रदर्ज कराई गई है। दोनों आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे और गाजियाबाद में रविवार रात इसकी सप्लाई करने के लिए आए थे। एडीसीपी ने बताया, युवक-युवती से पूछताछ में दिल्ली के ठिकाने के बारे में पता चला है। वहां पर पुलिस की एक टीम भेजी गई है। हालांकि पुलिस टीम को दिल्ली से अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। इसके अलावा विदेशी युवक-युवती के पासपोर्ट और वीजा के संबंध में एलआईयू से अलग से जांच कराई जा रही है। ये भी पता किया जा रहा है कि वो ड्रग्स की सप्लाई कहां से किस माध्यम से लेते थे और फिर सप्लाई चेन क्या थी। इस पूरे नैक्सेस को पकड़ने के लिए स्वाट टीम लगा दी गई है।

### मोदीनगर में पुलिस ने की छापेमारी

मोदीनगर। मोदीनगर में दीपावली पर्व पर इस्तेमाल करने के लिए गांव कलछीना में बनाए जा रहे मिलावटी मावे के खिलाफ पुलिस ने खाद्य विभाग की टीम के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई की है। गांव कलछीना में पुलिस ने तीन भट्टिया सील कर 22 कुंतल मिलावटी मावा नष्ठ कराया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना में हुई। पुलिस की मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की थी। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कलछीना गांव में बड़ी मात्रा में मिलावटी मावा तैयार किया जा रहा है। इस पर एसीपी टीम के साथ देर रात कलछीना पहुंचे। सबसे पहले यामीन के यहां पहुंचे। यहां काफी गंदगी थी। पीछे भट्टी में मावा तैयार किया जा रहा था। यहां दुर्गंध फैली थी। सूचना देकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने जांच की तो प्रथम दृष्टया मावा मिलावटी प्रतीत हुआ। यामीन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मावे को मिल्क पाउडर से तैयार किया जा रहा था। चूंकि मावे में चिकनाई होती है। इसलिए मिल्क पाउडर से तैयार मावे में तेल व रिफाइंड भी मिलाया गया। इसके बाद टीम गांव में ही पिंटू और इकबाल के यहां भी पहुंची। यहां भी इसी तरह से मावा तैयार किया जा रहा था।

### शराब पीने के दौरान दोस्त के सिर में मारी ईंट, अस्पताल में तोड़ा दम

कौशांबी। वैशाली सेक्टर-3 में शनिवार रात दस बजे शराब पीने के दौरान राजू नाम के युवक ने सफाईकर्मी दीपक उर्फ दीपू के सिर पर ईंट व डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने लहूलुहान हालत में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार सुबह 11 बजे उपचार के दौरान दीपू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में राजू को गिरफ्तार कर लिया। सीतापुर के थाना मछरेहटा गांव का रहने वाला दीपक उर्फ दीपू मकनपुर में रहता था। वह वैशाली सेक्टर-3 की अर्थ थॉपर सोसायटी में साफ-सफाई का काम करता था। उसकी वैशाली में रिक्शा चलाने वाले राजू से जान-पहचान थी। शनिवार रात साढ़े दस बजे दोनों आयकर भवन के सामने पार्क के किनारे शराब पी रहे थे। इस बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर राजू ने ईंट और डंडे से सिर में कई वार कर दिए। हमले में दीपक लहूलुहान होकर सड़क किनारे गिर गया। वह ईंट और डंडे को पार्क के किनारे छोड़कर भाग रहा था। इस बीच लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल को तुरंत जिला अस्पताल ले गई। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताकर उपचार शुरू कर दिया लेकिन सुबह 11 बजे दीपक ने दम तोड़ दिया। उधर, कौशांबी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ में राजू ने घटना कबूल की। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### सफाई करने सेप्टिक टैंक में उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत

गुरुग्राम। सेक्टर-92 की रहेजा नवोदय सोसाइटी में सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों के शव कीचड़ में फंस गए थे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शवों को रस्सी के जरिए बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में सेक्टर-93 चौकी पुलिस कार्रवाई कर रही है। चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर जसवंत के अनुसार मृतकों की पहचान मूलरूप से झज्जर के रहने वाले परजीत (36) और यूपी मूल के रहने वाले राजकुमार (45) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया है कि इन्हें सोसाइटी में बने करीब 30 फीट गहरे सेप्टिक टैंक में सफाई के लिए उतारा गया था। इसमें कीचड़ अधिक थी।जानकारी के अनुसार सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दोनों मजदूरों को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे। ऐसे में सेप्टिक टैंक की कीचड़ में बनने वाली गैसों के कारण उनका दम घुट गया और वह बेहोश होकर कीचड़ में ही गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, इस सोसाइटी में कोई आरडब्ल्यूए नहीं है। इन्हें मेंटेनेंस एजेंसी ने बुलाया था या किसी अन्य ने बुलाया था, इसकी जांच की जा रही है।

# दिल्ली में 13 से 20 नवंबर तक लागू होगा ऑड-ईवन

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर के मद्देनज़र राजधानी में 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन लागू करने का निर्णय लिया है।

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक की जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को कहा कि संभावना जताई जा रही है कि दीपावली के बाद दिल्ली में प्रदूषण और बढ़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन फार्मूला लागू किया जाएगा। दीपावली के अगले दिन से एक सप्ताह तक ऑड-ईवन लागू रहेगा। एक सप्ताह बाद प्रदूषण की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करके ऑड-ईवन को लेकर आगे का निर्णय लिया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 30 अक्टूबर से प्रदूषण के स्तर में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। वैज्ञानिकों और मौसम विभाग के विश्लेषण के अनुसार दिल्ली के अंदर प्रदूषण में वृद्धि का मुख्य कारण तापमान का लगातार गिरना और हवा की गति बहुत कम होना है। गत 30




अक्टूबर को दिल्ली में एक्यूआई 347 था। इसके बाद 31 अक्टूबर को 359, एक नवंबर 364, दो नवंबर को 392, तीन नवंबर को 468, चार नवंबर को 415 था। इसके बाद पांच नवंबर को बढ़कर 454 हो गया और सोमवार को एक्यूआई 436 है, जो बीच में बढ़कर 468 तक चला गया था।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर पाल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सर्टिफिकेट को चेक किया है। पीयूसी का उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाता है।

ग्रैप 1, 2 और 3 के दौरान वाहनों के 28471 चालान किए गए हैं, जिससे कि दिल्ली में प्रदूषण पैदा करने वाली वाहनों पर नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, दिल्ली में एंटी डस्ट कैंपेन के तहत 12769 निर्माण साइटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसमें से 324 जगहों पर नियमों का उल्लंघन पाया गया और करीब 74 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध है। पिछली बार हमने देखा था कि प्रतिबंध के बाद भी कई जगहों पर पटाखे छोड़े गए।

इसके मद्देनजर पुलिस को अपनी टीमों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश और हरियाणा की भाजपा सरकारों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने राज्यों में भी पटाखों पर प्रतिबंध लगाएं और निगरानी करें, ताकि प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को और खतरनाक स्थिति में जाने से रोका जा सके।

## हरियाणा से दिल्ली में आ रहा पराली का धुंआ : आप

### ग्रीन कवर के मामले में दिल्ली में पूरे देश में पहले स्थान पर

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए हरियाणा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सोनीपत, पानीपत और रोहतक में जल रही पराली का धुंआ दिल्ली में आ रहा है।

आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर आज कहा कि देश में अरविंद केजरीवाल इकलौते नेता हैं जो प्रदूषण के खिलाफ लगातार लघु और दीर्घकालिक कदम उठाते हैं और उसको लागू करवाते हैं। इसी वजह से इस साल दिल्ली में पिछले 08 सालों में सबसे बेहतर हवा थी। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में इस बार 31 फीसदी प्रदूषण कम हुआ है। केंद्र सरकार को भी संसद पलट पर रखे गए अपने आर्थिक सर्वे 2022-23 में स्वीकारना पड़ा है कि दिल्ली में इस बार




पिछले 08 सालों में सबसे बेहतर हवा थी।

कक्कड़ ने कहा कि सीएक्यूएम के आंकड़े दिखाते हैं कि पंजाब में पिछले साल के मुकाबले इस साल 50-67 फीसद पराली कम जली है। पंजाब में वर्तमान में जो पराली जल रही है, वो दिल्ली से करीब 500 किलोमीटर दूर है और हरियाणा में जल रही पराली 100 किलोमीटर दूर है। दिल्ली के सबसे करीब हरियाणा है। इसकी समीक्षा करना जरूरी है कि 2014 से खट्टर सरकार ने प्रदूषण को लेकर हरियाणा में क्या कदम उठाए?

उन्होंने कहा कि अब जाकर हरियाणा सरकार 100 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने पर विचार कर रही है, अभी ली नहीं है। हरियाणा में अभी भी दिल्ली में प्रतिबंधित ईंधन वाली बसें चल रही हैं। वहां सभी बसें बीएस-3 और बीएस-4 की हैं। हरियाणा से बीएस-3 और बीएस-4 बसें दिल्ली में प्रवेश कर रही हैं। इसी तरह हरियाणा सरकार 2023 में भी अपने नागरिकों को 24 घंटे बिजली देने में असमर्थ रही है। हरियाणा में पावर कट बहुत लंबे होते हैं और लोगों को डीजल जेनरेटर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में उद्योगों की क्या हालत होगी, समझा जा सकता है।

आप प्रवक्ता ने कहा कि 2014 में आई खट्टर सरकार अभी तक पराली का भी कोई समाधान नहीं निकाल पाई है। अगर पंजाब सरकार एक साल में ही पराली जलने में 50-67 फीसदी की कमी लाकर दिखाया है तो हरियाणा की खट्टर सरकार 2014 से यह करने में विफल क्यों रही है?

उन्होंने कहा कि ग्रीन कवर के मामले में दिल्ली में पूरे देश में पहले स्थान पर है। दिल्ली में 23.6 फीसदी ग्रीन कवर है और 2025 तक इसे बढ़ाकर 27 फीसदी तक करने का लक्ष्य है।

केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवालों के साथ मिलकर ग्रीन कवर को बढ़ाया है। वहीं, हरियाणा में ढेरों पेड़ काटे गए हैं और वहां केवल 3.6 फीसदी ही ग्रीन कवर है।

## 80 हजार कर्मचारियों को मिलेगा सात -सात हजार रुपए बोनस

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने दीपावली के मौके पर अपने 80 हजार कर्मचारियों को सात-सात हजार रुपए बोनस देने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार सभी ग्रुप बी नॉन गजेटेड और ग्रुप सी के कर्मचारियों को दिवाली पर सात-सात हजार रुपए बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे त्यौहारों पर उनके घरों में खुशियां दोगुनी हो जाएंगी।

उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा दिल्ली सरकार में काम करने वाले सभी कर्मचारी हमारे परिवार हैं और आज मैं उनके लिए एक खुशखबरी लेकर आया हूं। दिल्ली सरकार ने पिछले आठ साल में दिल्ली में शिक्षा-स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक सर्विसेज समेत अन्य क्षेत्रों में जितने शानदार काम किए हैं, उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे दिल्ली सरकार के कर्मचारियों ने निभाई है।

इन कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और काम की बदौलत हम दिल्ली को दिल्ली के लोगों के सपनों का शहर बनाने में सफल हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा इस समय दिल्ली सरकार में करीब 80 हजार ग्रुप बी नॉन गजेटेड और ग्रुप सी कर्मचारी हैं। इन सभी कर्मचारियों को बोनस देने में 56 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। एक सारकार के रूप हमने अपने कर्मचारियों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयास किया है और ये प्रयास जारी रहेगा।

### प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता अभियान 2023 का कार्यक्रम का आयोजन किया



हर साल की तरह इस साल भी योगेंद्र कुमार मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि (भारतीय पशु कल्याण बोर्ड) एवं हैड वार्डर तिहाड जेल के नेतृत्व में प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता अभियान 2023 का कार्यक्रम गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकंडरी स्कूल न: 1 सुभाष नगर नई दिल्ली , जिसमे 1200 बच्चों ने भाग लिया, इस अवसर पर बच्चों को जागरूक करने के लिए (प्रदूषण का मानव एवं पशु पक्षियों पर दुष्प्रभाव )विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया ओर उत्कृष्ट बच्चों प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किए, इस मौके पर योगेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण मानव निर्मित समस्या है और इसका समाधान भी हम सब ने मिल कर करना है और ये पूरे विश्व की समस्या है , इस अवसर पर बच्चों ने भी कविताओं के माध्यम से बच्चों को जागरुक किया तथा प्रधानाचार्य श्रीमती अंजना ने पृथ्वी को सुरक्षित करने के लिए प्रदूषण से कैसे मुक्ति पाये इस विषय पर बच्चो को विस्तार से समझया इस अवसर में बी के पांडे , इंदर जीत सोनी मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि तथा अनिल चौधरी , वीरेंद्र कुमार , जय नाथ, असलम खान , राम निवास यादव अमन जोगिंदर शर्मा , हरीश भारद्वाज एनिमल केअर टेकर ने भी बच्चो से प्रदूषण के विरुद्ध अभियान से जुड़ने की अपील की।

### बिजली का बिल जमा करने के नाम पर दस हजार ठगे

पहासू। गांव अनौना निवासी विधवा महिला से युवक ने बिल कम कराने ने नाम पर 10 हज़ार रुपये ठग लिए। बिजली का बिल जमा करने का नोटिस आने पर महिला को हकीकत का पता चला। गांव अनौना निवासी महिला मुन्नी देवी का बिजली का बिल काफी हो गया था। कुछ दिन उसके पास एक व्यक्ति आया और बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर 10 हजार रुपये में बिल का पूरा भुगतान कराने की बात कही। महिला ने गांव वालों के सामने उस व्यक्ति को 10 हजार दे दिए। एक महीना बीत जाने के बाद ऊर्जा निगम से दोबारा बिल जमा करने का नोटिस मिला। बिजलीघर पर जाकर पता करने पर मालूम हुआ कि उसका कोई पैसा जमा नहीं हुआ है। बिजली कर्मियों ने बताया कि पैसे लेने वाला व्यक्ति कई लोगों से पैसे ऐंठ चुका है। विभाग ने उसकी संविदा समाप्त कर दी है। महिला आरोपी के घर शिकारपुर जाकर अपनी रकम मांगी तो उसने घर से भगा दिया तथा जाति सूचक शब्द कहकर दोबारा पैसे मांगने पर भुगत लेने की धमकी दी।

## 'नेट-जीरो यूनिवर्सिटी कैंपस' के राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएगा डीयू : प्रो. योगेश सिंह

**30 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को एक साथ लाएगा 75: नेट-जीरो यूनिवर्सिटी कैंपस का राष्ट्रीय आंदोलन**

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय अब नेट-ज़ीरो यूनिवर्सिटी कैंपस के राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि उत्तरी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के लिए इस आंदोलन को दिल्ली विश्वविद्यालय से 7 नवंबर को हरी झंडी दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रीन टेरे फाउंडेशन के सहयोग से दिल्ली विश्वविद्यालय 7 नवंबर को 75: नेशनल मूवमेंट ऑफ नेट-जीरो यूनिवर्सिटी कैंपस कार्यशाला की मेजबानी कर रहा है। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में सांसद और पूर्व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर मुख्य वक्ता होंगे तथा संयुक्त राष्ट्र के पूर्व यूएसजी एरिक सोल्हेम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीतारमण और ग्रीन टेरे फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक व यूएनईपी के पूर्व निदेशक डॉ. राजेंद्र शेंडे कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाएंगे।

कुलपति ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र से पुणे विश्वविद्यालय से शुरू हुआ यह आंदोलन चेन्नई में एसआरएमआईएसटी विश्वविद्यालय से दक्षिणी भारत तक पहुंचा और अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि नेट जीरो यूनिवर्सिटी कैंपस एक परिवर्तनकारी आंदोलन है जो एनईपी 2020 और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ के साथ संरेखित है तथा भारत में 2070 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने का आह्वान करता है।

प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय का यह आयोजन उत्तरी क्षेत्र के लगभग 30 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को एक साथ लाएगा ताकि वे कार्बन तटस्थ परिसर के लिए रोडमैप तैयार करना शुरू कर सकें और प्रारंभिक मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। बढ़ते जलवायु संकट की पृष्ठभूमि में यह कार्यशाला विश्वविद्यालयों को डिजिटल निगरानी और लागत प्रभावी प्रथाओं सहित नेट-जीरो प्रौद्योगिकियों और उपकरणों को लागू करने से संबंधित विशेषज्ञता प्रदान करेगी। पूरे भारत में इस आंदोलन में विद्यार्थी अहम भूमिका निभाएंगे।

उन्हें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपेक्षित कौशल प्रदान किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि यह कार्यशाला साझेदारी और सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालयों की नेटवर्किंग के लिए मंच प्रदान करेगी। यूनेस्को, विद्युत मंत्रालय, यूएनडीपी, एसोचैम और डिजिटल वर्ल्ड के विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन्स की रूप में शामिल होंगे।

## केजरीवाल गिरफ्तार हुए तो जेल से चलाएंगे सरकार : आतिशी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने कहा है कि यदि नरेंद्र मोदी सरकार मुख्यमंत्री और आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार भी कर लेती है तो भी केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे तथा जेल से ही सरकार चलायी जाएगी।

भारद्वाज ने सोमवार को यहां केजरीवाल की ओर से पार्टी विधायकों की बैठक के बाद कहा कि इस बारे में सभी विधायकों की भी यही राय थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा,अगर ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, तो जेल से सरकार चलाएंगे।

दरअसल दिल्ली शराब घोटाले में ईडी के द्वारा आप प्रमुख अरविंद



केजरीवाल को पिछले दिनों मिले समन के बाद से राजनीति एक बार फिर से तेज हो गई है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आज यानी सोमवार को आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी। इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने कहा,इस मामले में ईडी को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, तो जेल से सरकार चलाएंगे, दिल्ली की जनता ने अरविंद जी को चुना है वे इस्तीफा नहीं देंगे।

इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज भाजपा को सबसे ज्यादा समस्या आम आदमी पार्टी से है। ये लोग हमारे विधायकों, सांसदों पर फर्जी के मुकदमे करा रहे हैं। अब यह लोग अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की फिराक में हैं। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में सभी विधायकों ने अपनी बात रखीं और सभी ने केजरीवाल जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही।

भारद्वाज ने कहा कि जितने मुकदमे हुए हैं आम आदमी पार्टी के नेता पर हुए, यह केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश है। प्रधानमंत्री को डर है कि कैसे केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता से हटाया जाए। वे चुनाव जीत नहीं सकते तो, षड्यंत्र करके हराना चाहते हैं।

वहीं, आतिशी ने कहा कि ये लोग चाहे तो अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है तो, दिल्ली की सरकार जेल से चलेगी। हम इस मामले में कोर्ट जाकर अनुमति लेंगे, जिससे जेल में कैबिनेट की बैठक हो सके और अधिकारी भी जेल में जाकर जरूरी कागजों पर मुख्यमंत्री के हस्तक्षार ले सकें।

उन्होंने कहा,आप (मोदी-सरकार) तमाम कोशिशें कर लें, लेकिन अरविंद केजरीवाल इस्तीफा नहीं देंगे और गिरफ्तार होने पर जेल से ही सरकार चलाएंगे।

## एसीएस ने नोएडा-ग्रेनो का लिया जायजा

### विभागों के अधिकारियों संग बैठक कर प्रदूषण को रोकने के दिए निर्देश




**गौतम बुद्ध नगर।** वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए अपर मुख्य सचिव पर्यावरण मनोज सिंह ने नोएडा- ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग जगहों का दौरा किया। सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने सबसे पहले शारदा विश्वविद्यालय के आसपास के एरिया का जायजा लिया।

उनके साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, ओएसडी हिमांशु वर्मा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोएडा के क्षेत्राधिकारी उत्सव शर्मा, ग्रेटर नोएडा के क्षेत्राधिकारी डीके गुप्ता सहित कई अधिकारीगण शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने नॉलेज पार्क एरिया में सड़कों पर धूल मिलने पर तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शारदा विश्वविद्यालय के गेट पर ट्रैफिक की समस्या का तत्काल समाधान करने और ट्रैफिक जाम न लगने देने के निर्देश दिए। इसके बाद अपर मुख्य सचिव यूपीसीडा के साइट बी व सी के अलग-अलग जगहों पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने डीएफसीसी के निर्माणाधीन साइट को देखा। ग्रेटर नोएडा के 130 मी रोड पर सेतु निगम के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया।

इसके बाद अपर मुख्य सचिव ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, ओएसडी हिमांशु वर्मा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोएडा के क्षेत्राधिकारी उत्सव शर्मा, नोएडा के क्षेत्राधिकारी डीके गुप्ता व सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

## पैसा डबल करने के नाम पर महिला से 6-लाख की ठगी

जेवर। जेवर के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक महिला से पैसे डबल करने के नाम पर 6 लाख रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जिसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। जिसके आधार पर ने कोर्ट के आदेश पर सोमवार शाम आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गांव चांदपुर निवासी विधवा महिला पुष्पा देवी को कुछ वर्ष पहले जमीन का मुआवजा मिला था। उसी दौरान बुलंदशहर निवासी महिला के रिश्ते के सगे मौसा ने खुद को प्राइवेट बीमा कंपनी का एजेंट बताते हुए महिला को 6 साल में पैसे डबल करने का भरोसा दिलाया।

एफडी के नाम पर उससे 6 लाख रुपए ले लिया। बदले में रसीद आदि भी बीमा एजेंट ने महिला को दिए। 6 साल की अवधि पूरी होने के बाद महिला एफडी के उन कागजातों को लेकर बीमा एजेंट द्वारा बताए गए। पते पर बुलंदशहर पहुंची तो वहां ताला लटका हुआ था। सभी लोग फरार थे। महिला ने इसकी सूचना अपने मौसा को दी। इस पर मौसा ने पहले तो पैसे लौटाने का भरोसा दिया। लेकिन बाद में आनाकानी करने लगा। आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर बीमा एजेंट महिला को धमकी दे रहा है। पीड़िता का कहना है इसके बाद उन्होंने रबूपुरा कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की, तो पुलिस ने उसको वहां से फटकार लगाकर भगा दिया।

# संपादकीय

## भविष्य को लेकर खतरे की आहट

विडंबना यह है कि भूकम्प एक ऐसी आपदा है, जिसके आने के वक्त के बारे में कोई पक्की और तात्कालिक सूचना हासिल करने या अनुमान लगा पाने की कोई तकनीक विकसित नहीं हो सकी है।

प्राकृतिक उथल-पुथल के रूप में कोई आपदा तबाही का कारण बनती है, तो वह कई बार आने वाले उससे बड़े खतरे का आहट होती है। शुक्रवार को नेपाल से लेकर उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में आए भूकम्प का दायरा जितना बड़ा था और जितनी अवधि के लिए दर्ज किया गया, उसे एक तरह से समय रहते खतरे से बचाव का इंतजाम करने की चेतावनी माना जाना चाहिए।

हालांकि इससे जानमाल का नुकसान मुख्य रूप से नेपाल में सीमित रहा और वहां डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों की जान जाने की खबर आई, लेकिन इस बार धरती हिलने की जैसी प्रकृति देखी गई, उससे भविष्य को लेकर कई तरह की आशंकाएं पैदा हुई हैं।

गौरतलब है कि 6.4 तीव्रता वाले इस भूकम्प का केंद्र काठमांडो से तीन सौ इकतीस किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दस किलोमीटर जमीन के नीचे था। नेपाल में इसका असर सबसे ज्यादा देखा गया, लेकिन भारत में भी दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार जैसे राज्यों में देखा गया, जहां काफी देर तक लोगों ने धरती का हिलना महसूस किया।

पिछले कुछ समय से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह लगातार भूकम्प से तबाही के मामले सामने आ रहे हैं, उससे यह आशंका उभरती है कि कहीं धरती के भीतर कोई व्यापक उथल-पुथल तो नहीं हो रही है।

शुक्रवार को आए भूकम्प को नेपाल में इससे पहले 2015 में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद सबसे घातक और खतरनाक माना जा रहा है। गौरतलब है कि 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में 7.8 तीव्रता का जबरदस्त भूकम्प आया था, जिसमें जानमाल की व्यापक हानि हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, इसमें करीब दस हजार लोगों की मौत हो गई, दस लाख घरों को नुकसान पहुंचा और करीब अट्ठाईस लाख लोग विस्थापित हुए थे। यों नेपाल में पिछले तीन सालों में 5.5 तीव्रता वाले भूकम्प पांच बार आ चुके हैं। भारत के भी कई राज्यों में पिछले कुछ समय से जिस तरह कम या ज्यादा तीव्रता वाले भूकम्प आ रहे हैं, उसे एक तरह से बचाव के इंतजामों को लेकर सचेत रहने की चेतावनी माना जाना चाहिए।

विडंबना यह है कि भूकम्प एक ऐसी आपदा है, जिसके आने के वक्त के बारे में कोई पक्की और तात्कालिक सूचना हासिल करने या अनुमान लगा पाने की कोई तकनीक विकसित नहीं हो सकी है। ज्यादा तीव्रता वाला भूकम्प आने के बाद यह राहत के स्वरूप पर निर्भर करता है कि कितने लोगों की जान बचाई जा सकी।

इससे पहले सिर्फ यही रास्ता बचता है कि इंसान अपनी रिहाइश के ऐसे तौर-तरीके और बचाव के इंतजाम विकसित करे, जिसमें बड़े भूकम्प में भी ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बच सके।

घर बनाते समय हल्के वजन के घर या भूकम्परोधी बुनियाद पर इमारत का निर्माण अचानक आए भूकम्प की स्थिति में बचाव की एक गुंजाइश देता है। इसके साथ जो इलाके भूकम्प के लिहाज से संवेदनशील माने जाते हैं, उसमें भूकम्प के समय घरों में फंसने पर बचाव के छोटे-छोटे इंतजामों को लेकर जागरूकता का प्रसार, खतरे की चेतावनी प्रणाली सहित राहत और बचाव इंतजामों के प्रति पूरी तरह चौकसी बरतना कुछ ऐसे कदम हो सकते हैं, जिनसे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। यह सही है कि प्राकृतिक आपदाओं को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता है, लेकिन उससे बचाव के हर संभव उपाय किए जा सकते हैं।

## अपराध और राजनीति

राजनीति किसी आपराधिक वृत्ति के व्यक्ति का सुरक्षित शरण्य नहीं हो सकती। जिन्हें खुद कानून की परवाह नहीं, उन्हें भला कानून बनाने का अधिकार क्यों दिया जाना चाहिए।

राजनीति में आपराधिक छवि वाले लोगों की बढ़ती संख्या को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस पर रोक लगाने को लेकर राजनीतिक दलों से ही अपेक्षा की जाती रही है कि दागदार छवि वाले लोगों को वे चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करेंगे। मगर, यह उम्मीद बेमानी साबित हुई है। हर चुनाव में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधियों की संख्या कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। ऐसे में एक जनहित याचिका दायर कर सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई कि गंभीर अपराध के आरोपियों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए।

इस पर अदालत ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या ऐसा करना संभव है। सरकार ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया। अब फिर से सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को दो हफ्ते के भीतर हलफनामा दायर करने को कहा है। दरअसल, कानून के मुताबिक तब तक किसी को चुनाव लड़ने से नहीं रोका जा सकता, जब तक उसका दोष सिद्ध नहीं हो जाता। उसमें भी उन्हीं को रोका जा सकता है, जिन्हें दो साल या इससे अधिक की सजा हुई हो। लिहाजा, इसके लिए विशेष कानूनी प्रावधान की जरूरत है, जो केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के सहयोग के बिना नहीं किया जा सकता।

हालांकि राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के इरादे से ही प्रावधान किया गया कि हर उम्मीदवार पर्चा भरते समय अपनी आय, संपत्ति, आपराधिक मुकदमों आदि से संबंधित हलफनामा दाखिल करेगा। ऐसा इसलिए किया गया कि मतदाता को अपना प्रतिनिधि चुनते समय फैसला करने में मदद मिल सके।

इसमें यह भी उम्मीद की गई थी कि लोग आपराधिक छवि के लोगों को नकारना शुरू कर देंगे और फिर ऐसे लोगों का राजनीति में प्रवेश रुक जाएगा। मगर हकीकत यह है कि यह प्रावधान भी कारगर साबित नहीं हुआ है। पिछले आम चुनाव में चुन कर आए कुल जन-प्रतिनिधियों में करीब तैंतालीस फीसद के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज थे।

यह उन्होंने खुद अपने हलफनामे में बताया था। यों राजनीतिक रूप से सक्रिय लोगों के खिलाफ कई बार किसी रंजिश के चलते या विपक्षी दलों द्वारा बदनाम या परेशान करने की नीयत से भी आपराधिक मुकदमे दर्ज करा दिए जाते हैं। ऐसे ज्यादातर राजनीतिक मुकदमे प्रायः गंभीर प्रकृति के नहीं होते। चिंता उन लोगों को लेकर है, जिनके खिलाफ अपहरण, डकैती, बलात्कार, हत्या जैसे संगीन अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं। यह भी छिपी बात नहीं है कि समाज में बाहुबली और दबंग के रूप में पहचाने जाने वाले लोगों का राजनीति में प्रवेश बढ़ रहा है।

यह ठीक है कि जब तक किसी के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं हो जाता, तब तक उसके नागरिक अधिकारों में बाधा नहीं डाली जा सकती। मगर, यह भी जाहिर है कि बहुत सारे आपराधिक वृत्ति के लोग राजनीति में आते ही इसलिए हैं कि वे अपने खिलाफ चल रहे मामलों को कमजोर कर सकें। अगर वे सत्तापक्ष में हैं, तो उनके खिलाफ चल रही जांचें और कानूनी कार्रवाइयां तब तक रुकी देखी जाती हैं, जब तक सरकार बदल नहीं जाती।

राजनीति किसी आपराधिक वृत्ति के व्यक्ति का सुरक्षित शरण्य नहीं हो सकती। जिन्हें खुद कानून की परवाह नहीं, उन्हें भला कानून बनाने का अधिकार क्यों दिया जाना चाहिए।

जनहित याचिका में कहा गया है कि जो अपराधी पहले राजनेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए काम करते थे, वे अब खुद अपने लाभ के लिए राजनीति में आने लगे हैं। इस पर सरकार और सभी राजनीतिक दलों को संजीदगी दिखाने की जरूरत है।

# देश की आजादी में शामिल हजारों बलिदानियों को हमने क्यों भुला दिया ?



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

आज हम लोग अपने देश की 76 वी वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहें हैं। यह सुनकर बहुत अच्छा भी लगता है कि हमारे देश को आजाद हुए 76 वर्ष बीतने जा रहें हैं। हम हर साल देश की आजादी का उत्सव मनातें हैं और स्वतंत्रता आन्दोलन में अपने प्राणों की आहूति देने वाले बलिदानियों को याद करतें हैं। दरअसल हम केवल कुछ ही बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर पातें हैं, जिनके बारे में हमे जानकारी हैं। लेकिन ऐसे कितने स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी आजादी की लड़ाई में शामिल होकर शहीद हुए थें, जिनके बारे में हमे कोई भी जानकारी नहीं है।

नतीजतन आज हम उन सभी शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद नहीं कर पाते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार हमने उन वीर नायकों को क्यों भुला दिया ? हालांकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में एक ऐसे राष्ट्रीय संग्रहालय को बनवाने की इच्छा जाहिर की हैं, जिसमें देश के उन तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित होगी। इसके अलावा आज हमारे देश की नई पीढ़ी को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने वालों के बारे में आज जानकारी क्यों नहीं हैं ? दरसअल आज इस लेख के माध्यम से हम ऐसे ही नायकों और उनके द्वारा देश की आजादी में उनके गए अतुलनीय योगदान के बारे में जानने का प्रयास करेंगें।

### स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल महिला सेनानियों को देश ने भुला दिया

देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने के लिए जहां देश के हजारों वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। वहीं आजादी की लड़ाई में देश की बेटियां और बहुएं भी पीछे नहीं रही थी। लेकिन यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आज हम रानी लक्ष्मी बाई, दुर्गा भाभी सहित कुछ ऐसे नाम ही शामिल है, जिनके बारे में हमलोगों को जानकारी होती है। लेकिन शायद हमे इस बात की पूरी जानकारी नहीं है कि देश की आजादी हजारों की संख्या में महिला स्वतंत्रता सेनानियों ने हिस्सा लिया था और अपने प्राणों की आहुति भी दी थी। इस कड़ी में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने जहां अग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक के किट्टूर की रानी चेन्नमा ने भी अंग्रेजी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला और अपनी सेना लेकर उनके साथ युद्ध किया था।

इसके अलावा लखनऊ में उस समय में अवध की महारानी बेगम हजरत महल ने भी ब्रिटिश सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ काफी ज्यादा लड़ाई लड़ी और उसके नियमों का निडरता पूर्वक विरोध भी किया था। इसी तरह से ही कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, सरोजनी नायडू सहित कई महिलाओं ने देश की आजादी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था, जिनको आज ज्यादातर लोग नहीं जानतें हैं। इतना ही नहीं विजयलक्ष्मी



पंडित और मैडम भीकाजी कामा जैसी महिलाओं का योगदान भी आजादी की लड़ाई में बहुत ज्यादा रहा था। लेकिन आज रानी लक्ष्मीबाई के अलावा कमला नेहरू और कुछ और महिला स्वतंत्रता सेनानियों को छोड़कर ज्यादातर के बारे में देश के लोगों को कोई भी जानकारी नही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल की बेटी मतंगीनि हजरा, प्रीतिलता वाद्देर ने जहां आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी थी। वहीं दूसरी ओर असम की बेटी कनकलता बरूआ भी आजादी लड़ाई में अंग्रेजों की गोलियां का शिकार हुई थी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर की बेटी व मणिपुर की नागा जनजाति से ताल्लुक रखने वाली पमई गाईडिनल्यू ने तो मणिपुर में ब्रिटिश हुकूमत की नीव को हिलाकर रख दिया था। दरअसल पमई ने ब्रिटिश हुकूमत के दौर में ब्रिटिश सरकार की ओर से मणिपुर के तमाम नागा जनजाति व अन्य हिंदुओं को जबरन इसाई बनाए जाने के कार्य का कड़ा विरोध किया था।

इस दौरान पमई ने मणिपुर में महिलाओं का एक समूह तैयार करके उस समय में गांव गांव में जाकर महिलाओं को ईसाई धर्म को स्वीकार करने से रोकने के लिए जागरूक किया था। इसके अलावा पमई गाडडिनल्यू ने मणिपुर में देश की आजादी के लिए लोगों को जागरूक करने का भी काम किया था। लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि, आजादी के बाद बनी सरकारों ने देश की इन सभी महिला वीरांगनाओं को भुला दिया। ऐसे में इन महिला स्वतंत्रता सेनानियों की ही तरह ना जाने कितनी ऐसी महिलाएं थी, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में देश के लिए अपने प्राणों की बलि दे दी थी। लेकिन देश ने उनके सर्वाच्च बलिदान के बाद भी आज उनको भुला दिया है।

### कई स्वतंत्रता नायकों को भी देश ने समय के साथ भुला दिया

दरअसल आज हमारे देश को आजाद हुए 75 बरस पूरे होने को हैं। इतने लंबे समय में हमलोगों ने हर साल अपने देश की आजादी का उत्सव मनाया और उसमें अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

लेकिन हम हर साल आजादी के उत्सव में कुछ ही स्वतंत्रता सेनानियों को याद करतें हैं जिनके बारे में हमे जानकारी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार आजादी के बाद की सरकारों ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए कुछ नायकों के बारे में ही ज्यादा प्रचार प्रसार क्यों किया ?

दरअसल आजादी के बाद हमारे देश में बनी सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए तमाम नायकों के बारे में कोई भी जानकारी इक्कठा करने का प्रयास नहीं किया। नतीजतन चद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां, राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के अलावा ना जाने कितने ऐसे सेनानी थें जिनको देश ने धीरे धीरे भुला दिया।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वतंत्रता सेनानियों की याद में संग्रहालय बनवाने की अच्छी पहल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि वह देश की आजादी में शामिल हुए उन सभी नायकों की याद में एक राष्ट्रीय संग्रहालय बनवाना चाहतें हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अपना बलिदान दिया था। दरअसल प्रधानमंत्री चाहतें हैं कि देश में एक ऐसा संग्रहालय, म्यूजियम बनें, जिसमें आजादी के लड़ाई में शामिल सभी स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वीरता पूर्ण कारनामों से जुड़ी यादों को उल्लिखित करके संग्रहित किया जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह एक बहुत अच्छी पहल है जिसके पूरा होने के बाद देश की आने वाली पीढ़ियों को अपने देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में शामिल नायकों के बारे में जानने का मौका मिलेगा। हालांकि पूर्व की सरकारो ने निश्चित तौर पर देश के नायकों की उपेक्षा की है। नतीजतन आज देश के हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को देश की नई पीढ़ी नही जानती है।

### भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल कुछ ही लोगों के बदौलत नहीं मिली आजादी

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में हजारों की संख्या में ऐसे स्वतंत्रता सेनानी शामिल हुए थें, जिन्होंने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर देश को अंग्रेजो की गुलामी से आजाद कराया था। लेकिन आजादी के बाद से देश की सरकारें केवल कुछ ही लोगों को देश को आजाद कराने का श्रेय देती रहीं।

दरअसल आजाद के बाद बनी सरकारों ने महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, सर सैयद अहमद खां जैसे ही कुछ नायकों को देश को आजाद कराने का सारा श्रेय दे डाला। जबकि आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस, काला पानी की सजा काटने वाले वीर सावरकर, जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार के आरोपी जनरल डायर को गोली मारने वाले सरदार उधम सिंह, बटुकेश्वर दत्त और फांसी के फंदे पर चढने वाले खुदीराम बोस को देश की सरकारों ने भुला दिया। जबकि वहीं दूसरी ओर आजादी के बाद की सरकारों ने देश की आजादी का सारा श्रेय कमोबेश महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू को ही देती चली गई। जबकि सरदार पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, गुरू गोवलकर, जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को देश ने भुला दिया।

### आर्टिकल समरी-

आज हम लोग अपने देश की 76 वी वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहें हैं। यह सुनकर बहुत अच्छा भी लगता है कि हमारे देश को आजाद हुए 76 वर्ष बीतने जा रहें हैं। हम हर साल देश की आजादी का उत्सव मनातें हैं और स्वतंत्रता आन्दोलन में अपने प्राणों की आहूति देने वाले बलिदानियों को याद करतें हैं। दरअसल हम केवल कुछ ही बलिदानियों और स्वतंत्रतता सेनानियों को याद कर पातें हैं, जिनके बारे में हमे जानकारी हैं। लेकिन ऐसे कितने स्वतंत्रतता सेनानी और क्रांतिकारी आजादी की लड़ाई शामिल होकर शहीद हुए थें, जिनके बारे में हमे कोई भी जानकारी नहीं है। नतीजतन आज हम उन सभीं शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद नहीं कर पातें हैं।

# बागी एवं बगावती होते टिकट वंचित नेता

पांच राज्यों के विधानसभा से पहले अनेक राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं के बीच बड़ी ऊंठापटक, खींचतान एवं चरित्रगत बदलाव देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस ही आमने-सामने की स्थिति में है, लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर इन दोनों ही दलों में दोनों ही राज्यों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। दोनों ही दलों में अपने आपको पार्टी का सर्वेसर्वा मानने वाले नेताओं की इस बार टिकट बंटवारे में दाल नहीं गली और वे अपने चेहतों को टिकट देने में नाकाम साबित हुए, जिससे दोनों ही दलों में भारी असंतोष एवं विद्रोह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के शीर्ष नेताओं को भी टिकट न मिलने से बागी एवं बगावती स्वर उभर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या अब चुनाव का टिकट पाना या उसका कटना ही नेताओं के जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है ? क्या पार्टी के प्रति बफादारी का गुब्बारा एक टिकट न मिलने की सूई से ही हवा शून्य हो गया है ? एक प्रश्न और है कि टिकट क्या किन्हीं नेताओं की बपौती है, फिर बाकी कार्यकर्ताओं का क्या वजूद है जो सालों से पार्टी के लिये जी-जान लगाये होते है ? क्या राजनीति अब सबसे ज्यादा लाभ और रौब का धंधा बन चुकी है ? लोकतंत्र में जब मूल्य एवं सिद्धान्त कमजोर हो जाते है और सिर्फ निजी हैसियत को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है वह लोकतंत्र निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। अफसोस, कि जिस जन की सेवा के लिए चुनाव टिकट रूपी एंट्री पास तैयार किया गया है, वह 'जन' पहले भी हतप्रभ था, आज भी है और शायद आगे भी रहेगा। क्योंकि आम मतदाता तो पहले भी ठगा जाता था, गुमराह किया जाता था। आज भी उसके साथ यही हो रहा है ? टिकट की दौड़ के लिये सक्रिय होने एवं पांच साल में केवल चुनाव के समय नजर आने वाले उम्मीदवारों को दोनों पार्टियों ने टिकट न देकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनीति में ऐसे ही साहसिक एवं अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये एवं नये चेहरों को अपना हूनर दिखाने का अवसर मिले।

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के आखिरी दिन अनेक चेहरों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा की आखिरी लिस्ट आ चुकी है, लेकिन इस लिस्ट में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को किनारे कर दिया है। भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें अशोक परनामी, अरूण चतुर्वेदी प्रमुख है और दोनों नेता ऐसे है जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके है। इनके साथ ही पूर्व मंत्री एवं राजे के खास यूनुस खान का भी टिकट काट दिया गया है। राजपाल सिंह शेखावत और राव राजेन्द्र का टिकट भी पार्टी ने काट दिया है। कांग्रेस में भी ऐसे अनेक महत्वपूर्ण चेहरों को निराशा हाथ लगी है।

टिकट न मिलने से पार्टी के इन वफादार सैनिकों के स्वरों में भी बगावत देखने को मिल रही है। निश्चित ही दोनों ही दलों में टिकट बंटवारे में आजमाये इन नये प्रयोगों का व्यापक असर देखने को मिलेगा।

## आज देर से हुई भोर तो क्या ।।

टूटी रिश्तों की डोर तो क्या ।
आज देर से हुई, भोर तो क्या ।।

रिश्ते मखमली, काँटों का ताज,
उनसे मिले जख्म ढेर तो क्या ।

अब न रंजिश, न दुआ सलाम ।
खास लम्हे ले गए, गैर तो क्या ।

स्वार्थी आंच में, पिघल गए रिश्ते,
जज्बातो की नहीं खैर, तो क्या ।।

सारी गलतियां हमारी ही सही ।
आप ही निकले गैर, तो क्या ।

राही है, न जाने कहा पहुंचेंगे,
मंजिल का नहीं छोर, तो क्या ।

संजीव कड़वाहट दिल में क्यूँ ।
छूटती सांसों की डोर, तो क्या ।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# महिलाओं को सुविधाओं की फेहरिस्त में एक और अध्याय जुड़ा



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां जानती है कि भारत में महिलाओं का सम्मान और लेडीज फर्स्ट की भावना का सम्मान सबसे अधिक किया जाता है। यहां महिलाओं को दैव्य शक्ति के रूप में माना जाता है जो आदि अनादि काल से है, इसलिए ही यहां सरकारों द्वारा महिला सुविधाओं को महत्व दिया जाता है परंतु कुछ वर्षों से महिलाओं को विशेष रूप से सुविधाए दी जा रही है, जैसे उज्जवला योजना लाडली बहन योजना सहित अनेक योजनाएं हैं और अभी संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023अभूतपूर्व उपलब्धि के साथ संसद के दोनों सत्रों में पारित किया गया और अभी दिनांक 5 नवंबर 2023 को माननीय केंद्रीय रक्षामंत्री ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसमे अब सभी महिला सैनिकों को मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक-ग्रहण अवकाश समान रूप से मिलेगा। यह छुट्टी सेना में सभी ओहदों पर कार्यरत महिला सैन्य कर्मियों को समान रूप से मिलेगी, चाहे वो अधिकारी हों, या न हों।रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह सुविधा महिलाओं के पारिवारिक और सामाजिक मुद्दों के समाधान में दीर्घकालिक महत्व की साबित होगी। इससे सेना में उनकी कामकाजी परिस्थितियां बेहतर होंगी और वे अपने पेशेवर और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन बिठा सकेंगी। सेना में सभी महिला कर्मियों के लिए मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक-ग्रहण अवकाश उपलब्ध की सुविधा सेना के तीनों अंगों के लिए एक बड़ा परिवर्तन है। वर्ष 2019 में थल सेना में सैन्य पुलिस कोर में महिला सैनिकों की भर्ती शुरू हुई थी। चूंकि पुरुषों को पैटरनिटी लीव और महिलाओं को सुविधाओं की फेहरिस्त में एक और अध्याय जुड़ गया है और महिलाओं को दीपावली के पहले बहुत बड़ा तोहफा मिला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महिलाओं को मैटरनिटी और पुरुषों को पैटरनिटी लीव से शिशु देखभाल में दुर्गा में परिणाम आते हैं।

साथियों बात अगर हम महिला सैनिकों संबधी मैटरनिटी लीव का प्रस्ताव पारित होने की करें तो, केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले महिला सैनिकों को बड़ा तोहफा दिया है, अब भारतीय सेना में काम करने वाली महिला सैनिकों, सेलर्स, एयर वॉरियर्स और महिला अग्निवीरों को एक समान मैटरनिटी लीव मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब से पहले सेना में केवल हायर रैंक वुमन ऑफिसर्स को मैटरनिटी लीव और बच्चों के अडॉप्शन पर छुट्टियां दी जाती थीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सशस्त्र बलों में महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के लिए उनके अधिकारी समकक्षों के समान मातृत्व, बाल देखभाल और बच्चे को गोद लेने पर चाइल्ड केयर लीव दी जाएगी। नियम जारी होने के साथ ही सेना में सभी महिलाओं को, चाहे वह अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक की, ऐसी छुट्टियाँ देना समान रूप से लागू होगा। महिलाअधिकारियों को 180 दिनों की मैटरनिटी लीव मिलती है, इसके साथ ही अगर वो एक साल से कम उम्र के बच्चे को गोद लेती हैं तो उसके गोद लेने की तारीख के बाद से उन्हें 180 दिनों की छुट्टी मिलती है। एक महिला अधिकारी को अपनी पूरी नौकरी के दौरान 360 दिन बच्चे की देखभाल के लिए मिलते हैं। इसके लिए बच्चों की उम्र 18 साल से कम होनी चाहिए। रक्षा मंत्रालय के इस फैसले के बाद भारतीय सेना में काम करने वाली सभी महिलाओं को पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस करने में मदद मिलेगी।साथ ही वह बाकी महिलाओं को बच्चे के जन्म और गोद लेने पर मिलने वाली छुट्टियों की तरह ही मैटरनिटी औरचाइल्ड केयर लीव का लाभ उठा पाएंगी। भारतीय सेना के सैन्य पुलिस कोर में सैनिकों के रूप में महिलाओं की भर्ती साल 2019 से शुरू हुई. वहीं अग्निवीर योजना की शुरुआत के बाद महिलाओं की कोर ऑफ मिलिट्री पुलिसमें भर्ती की जा रही है।इंडियन नेवी में भी अग्निवीर योजना के तहत महिला सेलर्स की भी भर्ती शुरू की गई है रक्षा मंत्रालय के इस फैसले से सभी को इसका लाभ मिलेगा। रक्षा मंत्रालय से सशस्त्र बलों में तैनात महिलाओं के छुट्टियों को लेकर एक प्रस्ताव जारी किया गया है, इस प्रस्ताव में महिलाओं की छुट्टियों को लेकर एकनियम बनाया गया है।

सुरक्षा बलों में अब महिला अधिकारियों की तरह ही महिला सैनिकों को भी अब मातृत्व, बच्चों की देखभाल और बच्चे गोद लेने के लिए छुट्टियां और अन्य सुविधाएं दी जाएगी. इससे महिला सैनिक अपने पेशेवर और पारिवारिक जीवन को अधिक प्रभावशाली ढंग से संतुलित बना सकेंगी। भारतीय सशस्त्र बल के नए नियमों से अब सभी रैंकों की महिला कर्मियों के बीच समानता आ गई है। इस नियम के आने के बाद से सेना में सभी महिलाओं के लिए ऐसी छुट्टियों का अनुदान समान रूप से लागू होगा, चाहे वह अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक का हो।

साथियों बात अगर हम मेटरनिटी लीव कानून की करें तो,2017 से पहले भारत में कामकाजी महिलाओं को 12 हफ्ते यानी तीन महीने की ही मैटरनिटी लीव मिलती थी। लेकिन अक्सर तीन महीने की छुट्टी के बाद महिलाओं का काम पर वापस लौटना मुश्किल होता था और वो छुट्टी बढ़ा लेती थीं।लिहाजा 2017 में केंद्र सरकार ने मैटरनिटी बेनिफिट कानून में संशोधनकर दिया।इसके बाद मैटरनिटी लीव 12 हफ्ते से बढ़कर 26 हफ्ते तक हो गई। कानूनन, पहले और दूसरे बच्चे के लिए 26 हफ्ते की मैटरनिटी लीव मिलती है. तीसरे या इससे ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की ही छुट्टी का प्रावधान है. मैटरनिटी लीव में कामकाजी महिलाओं को उनकी पूरी सैलरी मिलती है।इसके अलावा, कानून ये भी कहता है कि तीन महीने से कम उम्र के बच्चों को गोद लेने वालीं या सेरोगेट मदर्स को भी 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव दी जाएगी. ।वैसे तो भारत की आधी आबादी महिलाओं कीहै,लेकिनकामकाजी महिलाओं की आबादी की भी आधी है।वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत में कामकाजी महिलाओं की आबादी 27 फीसदी है।मैटरनिटी लीव की वजह से भी कामकाजी महिलाओं पर असर पड़ता है। 2018 में एक निजी संस्था टीमलीज ने 300 कंपनियों के कर्मचारियों पर सर्वे किया था। इस सर्वे में सामने आया था कि मैटरनिटी लीव की वजह से 11 से 18 लाख महिला कर्मचारियों की छुट्टी हो सकती है। साथियों बात अगर हम पूरी दुनिया में मैटरनिटी लीव के प्रावधानों का अध्ययन करें तो,इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे लंबे समय तक मैटरनिटी लीव क्रोएशिया में मिलती है. यहां कामकाजी महिलाओं को 58 हफ्ते की छुट्टी मिलती है. वहीं, नॉर्वे में 56 और स्वीडन में 55 हफ्तों की मैटरनिटी लीव मिलती है।कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूके, मोंटेनेगरो, बोसनिया, अल्बानिया और जर्मनी में महिलाओं को 52 हफ्ते की मैटरनिटी लीव मिलती है। अमेरिका ऐसा देश है जहां मैटरनिटी लीव को लेकर कोई पॉलिसी नहीं है. यहां के कुछ राज्यों में महिलाओं को 12 हफ्तों की मैटरनिटी लीव मिलती है, लेकिन वो अनपैड होती है। यानी, इस दौरान कामकाजी महिलाओं को सैलरी नहीं दी जाती।संयुक्त अरब अमीरात में महिलाओं को सिर्फ 6 हफ्ते की मैटरनिटी लीव मिलती है। नेपाल, ओमान, कतर और लेबनान में भी महज 7 हफ्तों की ही मैटरिनिटी लीव का प्रावधान है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
मंगलवार 07 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बस्ती : बिना काम कराए पैसा देने वाले 5 अवर अभियंताओं से वसूली जाएगी धनराशि

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में बिना सड़क निर्माण कराये भुगतान करने में मामले में शासन द्वारा 5 अवर अभियंताओ से धनराशि वसूलने के लिए निर्देश प्रदान किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) द्वारा 2017-18 में तीन सौ सड़कों के निर्माण में बड़ा घोटाला हुआ था जिसमें एक अधिशासी और दो सहायक अभियंता बर्खास्त कर दिए गये थे, जांच पड़ताल में आरोप सही पाये जाने पर यहां तैनात रहे तत्कालीन 5 अवर अभियंताओ के वेतन वृद्धियों पर स्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। वर्तमान समय में इन लोगो की पोस्टिंग दूसरे जनपदों में है जिसमें श्रावस्ती में तैनात प्रवीण श्रीवास्तव से 7 लाख, अयोध्या में तैनात जितेंद्र विश्वकर्मा से 3.25 लाख, सिद्धार्थनगर में तैनात कृष्ण कुमार राय से 01 लाख और काजू प्रसाद से 30 हजार तथा वाराणसी में तैनात राजकुमार यादव 8.50 लाख रुपये वसूला जायेगा।

### रायबरेली : नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के खीरो इलाके में दलित जाति की 09 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के फरार अपराधी की तलाश में पुलिस जुटी है। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि खीरो इलाके के एक गांव में एक विधर्मी शख्स ने एक नौ वर्षीय दलित बच्ची को फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खीरो इलाके के ग्राम पाहो में पीर मोहम्मद नामक शख्स पर आरोप लगाया गया है कि उसने दलित समाज की नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। बताया गया कि कल हुई इस घटना की एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के बाद पुलिस विभाग के पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचे, और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पीड़िता को मेडिकल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने नाबालिग बच्ची का तत्काल मेडिकल कराया है और पुलिस की चार टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिब्ली कॉलेज का पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने शिब्ली कॉलेज के प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। शिब्ली कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य के विरूद्ध मिर्जा महफूजुर्रहमान बेग द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि विपक्षी पूर्व प्रधानाचार्य निसार अहमद पुत्र और पूर्व प्रबन्धक अब्दुल कय्यूम ग्राम व पोस्ट बीनापारा थाना सरायमीर आजमगढ़ द्वारा संस्थागत अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को बिना किसी मान्यता के ही वित्तविहीन का छात्र बनाकर अवैधानिक तरीके से 12247036/(एक करोड़ बाइस लाख सैतालीस हजार छत्तीस मात्र) अतिरिक्त वसूल किये जाने तथा उक्त वसूली गयी। धनराशि किसी भी खाते में जमा न कर गबन कर लेने के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी विवेचना प्रचलित है। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी की गई। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर उमेश चन्द्र यादव ने बताया कि इस मुकदमें से संबंधित अभियुक्त निसार अहमद को उसके मोहल्ले जालंधरी से हिरासत में लिया गया है। आरोपी ने पूछताॅछ में पुलिस को बताया कि मैं शिब्ली नेशनल इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत था। अब सेवा निवृत्त हो चुका हूं।

### रायबरेली में कुएं में मिला महिला का शव

रायबरेली। रायबरेली में संदिग्ध परिस्थितियों में देर रात घर से से लापता वृद्ध महिला का शव बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा कल देर रात से महिला घर से गायब थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया बताया कि महिला की तलाश लगातार कर रहे थे। फिर जाकर देखा तो कुएं में उसकी साड़ी दिखाई दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला। पूरा मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रमईपुर खुर्द मुजरा मूसापुर गांव का है। जहां पर बीती रात शिववती देवी पत्नी सुखराम अपने घर से गायब हो गई। शिववती का शव घर के समीप एक कुएं से बरामद हुआ है। वहीं लापता वृद्ध महिला की घर वालों ने बहुत खोजबीन की उसके बाद लोगों ने महिला को ढूढ़ते हुए कुएं के पास पहुंचे। जहां पर देखा गया कि वृद्ध महिला का शव कुएं में पड़ा हुआ है। इसके बाद घर वालों की सूचना पर पहुंची 112 पीआरवी पुलिस ने घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय थाना एवं फायर ब्रिगेड सर्विस को सूचना दी।

### चित्रकूट में 50 मीटर बढ़ी मंदाकिनी की गहराई

चित्रकूट। चित्रकूट दूसरे दिन भी मन्दाकिनी नदी में पोकलेन मशीन ने नदी की गहराई बढ़ाई द्य लगभग 50 मीटर नदी की सिल्ट खुदाई और सफाई का काम हुआ द्य अभी लगातार कई दिनों तक नयागाँव रपटा से बूडे हनुमानजी के बीच मशीन काम करेगी द्य नदी की गहराई बढाने के बाद नदी के बीच में बने टीले को हटाया जाएगा। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव रपटा से बूडे हनुमानजी मंदिर के बीच नदी में सर्वाधिक प्रदूषण रहता है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने पोकलेन मशीन नदी में उतारी है। रविवार से मशीन नदी में उतरी और सोमवार तक लगभग 50 मीटर लम्बी नदी को एक से डेढ़ मीटर गहरा किया गया द्य सैकड़ों टैक्टर मिट्टी और मलबा नदी से बाहर किया गया। सिंचाई विभाग के एई गुरु प्रसाद और बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह लगातार मौके पर ही डटे रहे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के लगभग एक दर्जन सफाई कर्मियों की टीम सीढ़ियों और नदी की सफाई में डटी रही।

### एटीएस ने दो संदिग्ध आतंकी पकड़े

लखनऊ। यूपी एटीएस ने आईएसआईएस के एजेंट बनने की शपथ ले चुके दो संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। अलीगढ़ के रहने वाले संदिग्ध आतंकी अब्दुल्ला अर्सलान और मास बिन तारिक के खिलाफ मुंबई में गिरफ्तार दो संदिग्ध आतंकियों से इनपुट मिले थे। दोनों के पास से आईएसआईएस और अलकायदा इंडियन आईएसआईएस से जुड़े साहित्य और दस्तावेज मिले हैं। एटीएस दोनों के अन्य साथियों के विषय में जानकारी जुटा रही है। यूपी एटीएस के मुताबिक अलीगढ किब्रिया मस्जिद आलमबाग भमौला गली नंबर- 06 निवासी अब्दुल्ला अर्सलान और अलीगढ मंजूरगढी निवासी माज बिन तारिक ने आईएसआईएस कि विचारधारा से प्रेरित होकर उसकी शपथ ले ली थी। यह लोग देश विरोधी षडयंत्र रच रहे थे। इसके लिए आईएसआईएस के सीनीयर्स एजेंट के निर्देशों पर अपने जैसी विचार धारा वालों को जोड़ने का काम कर रहे थे। एटीएस की जांच में सामने आया कि दोनों के मुंबई एटीएस द्वारा गिरफ्तार शाहनवाज और रिजवान से संबंध है।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक : युवक की मौत

संतकबीर नगर। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के भुजैनी चौराहे के समीप खड़े ट्रक से बाइक सवार युवक जा टकराया। इस हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कांटे चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की पहचान करके पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह भुजैनी चौराहे पर खड़ी ट्रक के पीछे बाइक चालक भिड़ गया। घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। घटना देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक युवक की पहचान करते हुए परिजन को सूचना दी। इसके साथ ही शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया। युवक की पहचान शिवम गुप्ता (30) पुत्र दिग्विजय कुमार निवासी गोरखपुर जनपद के सहजनवा थाना के डोमहर माफी गांव का है, जो सोमवार की सुबह घर से बस्ती जा रहा था। सीओ दीपांशी राठौर ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# दिल्ली के बाद अब आगरा में भी ग्रैप लागू

## अगले साल फरवरी तक लागू रहेगा, हर रोज होगी एक्यूआई की समीक्षा

आगरा। दिल्ली के बाद अब आगरा में भी वायु प्रदुषण की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क हो गया है। अगले साल फरवरी तक शहर में भी ग्रैप लागू कर दिया गया है। डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। पेड़-पौधों पर छिड़काव किया जाएगा। निर्माण सामग्री ढक कर रखी जाएगी। सड़कों पर धूल जमा न हो, इसके लिए रोज स्वीप मशीन चलाई जाएगी। निर्देशों का अनुपालन न करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। हर दिन एक्यूआई की रिपोर्ट ली जाएगी। डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने सोमवार को शहर में बढ़ते वायु प्रदुषण का संज्ञान लेते हुए बैठक ली। बैठक में यूपी पीसीबी, निर्माण कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं, नगर निगम, लोक निर्माण, मेट्रो, जल निगम, परिवहन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



डीएम ने यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी से शहर के ऑटोमैटिक मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एकत्र आंकड़ों पर जारी एक्यूआई रिपोर्ट मांगी। उसकी समीक्षा के दौरान बताया गया कि 2022 अक्टूबर में एक्यूआई 117 था, इस साल 200 होने वाला है। इसे लेकर डीएम ने चिंता जताते हुए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए।

### निर्माणाधीन इमारतों पर लगाएं ग्रीन नेट

बैठक में नगर निगम को सी एंड डी वेस्ट का प्रॉपर डिस्पोजल कराए जाने, भवन निर्माण सामग्री, निर्माणाधीन इमारतों आदि में ग्रीन नेट से ढक कर कार्य कराए जाने के निर्देश एडीएम सिटी व यूपीपीसीबी को दिए। निर्माण सामग्री को ढक कर रखने, पानी का छिड़काव करते रहने, बालू, मोरंग आदि सड़क पर खुला पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जो नियमों का पालन न करे, उन पर जुर्माना लगाया जाए।

### मेट्रो निर्माण स्थलों पर लगाए एक्यूआई मशीन

शहर के प्रमुख मार्गों तथा उनके किनारे पर धूल जमा न होने देने, पेड़-पौधों पर भी लगातार जल छिड़काव व स्प्रे करने को नगर निगम तथा फायर ब्रिगेड को निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहा है, वहां एयर क्वालिटी मशीन लगाई जाए। हर रोज एक्यूआई ट्रेंड रिपोर्ट भेजी जाए।

### आम जनता के लिए जारी की एडवाइजरी

यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी विश्वनाश शर्मा ने बताया कि शहर में अक्टूबर से फरवरी 2024 तक ग्रेड रिस्पॉस एक्शन प्लान (ग्रैप) 2023 से माह फरवरी, 2024 तक ग्रेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रैप को एक्यूआई के आधार पर 04 स्टेज में विभाजित किया गया है। आम जनता के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है।

# 20 हजार के लिए दोस्त की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में पुलिस ने मित्र को 20 हजार रुपए न देना से बचने के लिए उसकी हत्या को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा थाना के गांव सिकरापुर निवासी बबलू पुत्र रामकुमार ने 5 नवंबर की औरैया कोतवाली में अपने बेटे सूरज (21 वर्ष) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बताया था कि वह औरैया में गैलवे कॉस्मेटिक कंपनी जो नेटवर्क मार्केटिंग का काम करती है उसमें काम करता था।

पुलिस ने तलाश शुरू की तो सूरज के साथ रहने वाले बिहार के ही अनिल पुत्र कमलेश कुमार निवासी वृति टोला चरगाह थाना सिरसिया जनपद पश्चिमी चम्पारन व दीपक राम पुत्र रविन्द्र राम निवासी सिमरीनमन वरई टोला थाना नवलपुर जनपद पश्चिमी चम्पारन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

पूछताछ में पहले दोनों पुलिस को गुमराह करते रहे। लेकिन पूछताछ में ही गलत बयान में पकड़े जाने पर जब पुलिस ने कड़ाई की तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# कच्ची शराब के खिलाफ चला बाबा का बुलडोज़र

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के मऊरानीपुर थाना क्षेत्र में प्रशासन ,आबकारी और थाना पुलिस की टीम ने कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ सोमवार को कड़ी कार्रवाई की और जमीन के नीचे टैंक बनाकर कच्ची शराब को रखने की व्यवस्था को बुलडोजर की मदद से नष्ट किया गया।

मऊरानीपुर जिलाधिकारी गोपेश तिवारी ने बताया कि बसरिया डेरा पर अवैध शराब बनाये जाने की लगातार शिकायतें मिल रहीं थी। इन शिकायतों की जांच थाना पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम बनाकर करायी गयी।

शिकायतों के सही पाये जाने के बाद आज आबकारी विभाग, पुलिस विभाग की टीम के साथ मौके पर छापा मारा गया तो बड़ी मात्रा में जमीन के नीचे टैंक बनाकर शराब रखे जाने का पता चला।

इसके बाद बुलडोजर की मदद से इस पूरी व्यवस्था को नष्ट कराया गया । इसके अलावा अवैध कच्ची शराब बनाने के साजोसामान और बड़ी मात्रा में लहन भी नष्ट किया गया है।

### विकलांग का शव मिलने से फैली सनसनी

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सुरियावा क्षेत्र में सोमवार की सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के बार्डर पर जौनपुर जनपद के बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह-आदमपुर मार्ग पर एक विकलांग युवक का शव सड़क के किनारे शव मिला। बताया जाता है कि सुबह शौंच के लिए निकले लोगों ने सड़क की पटरी के किनारे शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

# जौनपुर : बारात में आये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह कटवार मार्ग पर निगोह गांव के पास सोमवार सुबह एक युवक की हत्या कर फेंकी गयी लाश मिलने से सनसनी फैल गयी।

पुलिस के अनुसार भदोही जिले में सुरियावां थाना क्षेत्र के बावनबीघा गांव निवासी दिव्यांग चंदन गौतम (38) रविवार को निगोह गांव में जितेन्द्र के यहां लड़की की शादी में आयी बारात में शामिल होने आया था। आज सुबह उसकी गांव से ही कुछ दूर निगोह कटवार मार्ग पर सड़क किनारे पानी मे लाश मिली ।उसके कान से रक्तस्राव हो रहा था ।घटना स्थल पर ऐसा लग रहा है कि मृतक के साथ मारपीट हुई है और वही उसकी हत्या कर लाश फेंक दिया गया। वहां पर सड़क किनारे दो फिट नीचे गड्ढे में बाइक के पहिये का निशान है और उसका इंडिकेटर वही टूटा है और घास पूरी तरह से रौंद उठी है।

आशंका जतायी जा रही है कि घटना को अंजाम देने के बाद बाइक लेकर भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस एवं आसपास गांव के लोग व बारात के लोग पहुँच गये। बारात के लोग ही शव की पहचान की और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था, उसके चाचा सुभाष ने बताया कि वह शाम को करीब साढ़े सात बजे बारात के लिए निकला था। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम आने के बाद ही घटना के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

# आधा दर्जन ट्रेनों में 32 बिना टिकट रेलयात्रियों से वसूला गया 31560 रुपए जुर्माना

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में पूर्वोत्तर रेलवे इंजन नगर मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव के निर्देशन मे बिना टिकट रेल यात्रियों के धरपकड बस रेड अभियान में आज चल टिकट परीक्षकों द्वारा 32 रेल यात्रियों को बिना टिकट रेल यात्रा करते हुए धर पकड़ा ,जिनसे 31560 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

रेल सूत्र ने सोमवार को बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे फतेहगढ़ के सीनियर मुख्य चल टिकट परीक्षक रामजीवन सिंह के नेतृत्व में दस चल टिकट परीक्षकों व जीआरपी के दो सिपहिया



तथा आरपीएफ के एक सब इंस्पेक्टर व आठ जवानों के साथ विभिन्न ट्रेनों में बिना टिकट रेल यात्रियों की घर पकड़ के लिए, बस रेड अभियान आज सोमवार प्रात: शमशाबाद स्टेशन से कन्नौज स्टेशन के मध्य जगह-जगह आधा दर्जन ट्रेन रोककर विना टिकट रेल यात्रा करने वाले 32 यात्रियों को घर पकड़ा गया। रेल सूत्रों ने बताया कि इस बस रेड अभियान में शमशाबाद से कन्नौज के मध्य 05390 , 05420 , 04135 , 05379, 04134 व तथा 15040 ट्रेनों मे बिना टिकट रेल यात्रा करने वाले पकड़े गए 10 यात्रियों से मौके पर ही चल टिकट परीक्षकों ने 2930 जुर्माना वसूला तथा इसके अलावा मौके पर जुर्माना अदा न करने वाले बिना टिकट 22 यात्रियों को रेलवे मजिस्ट्रेट शिवम कुमार के समक्ष पेश किया गया। इन सभी यात्रियों से 28630 जुर्माना वसूला गया।

### घर में सो रहे ग्रामीण की धारदार हथियार से गर्दन रेतकर की हत्या

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के रजपुरा क्षेत्र में घर में सो रहे एक ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि थाना रजपुरा के अंतर्गत के ग्राम भीकमपुर जैनी निवासी ग्रामीण ज्वाली (55 वर्ष) रविवार को रात्रि के समय अपने घर पर सो रहा था, जिसकी सोते समय गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार करके हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

### महोबा : ग्राहकों का पैसा गबन करने का आरोपी इंडियन बैंक का अधिकारी गिरफ्तार



महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में पुलिस ने ग्राहकों की 18.68 लाख की धनराशि का गबन करने के आरोप में इंडियन बैंक के एक अधिकारी को आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि इंडियन बैंक पनवाड़ी में सहायक मैनेजर नारायण सिंह पटेल ने योजनाबद्ध तरीके से करीब 8 माह पूर्व बैंक के 6 खाता धारकों के खाते में जमा की गई 18.68 लाख रुपये की जमा धनराशि को अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर करके गबन कर लिया गया था। इस मामले का पिछले दिनों खुलाशा होने पर बैंक द्वारा उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी और विभागीय कार्रवाई अमल में लाते हुए करीब दो माह पहले निलंबित कर दिया गया था। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि विभागीय कार्रवाई के बाद से गायब हो गए सहायक मैनेजर के खिलाफ पुलिस की जांच पड़ताल में भी मामला प्रथम दृष्टया सही पाया गया, जिसके बाद पुलिस की एक टीम ने एक सूचना पर उन्हें जालोंन जिले में निवास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सहायक मैनेजर को जेल भेज दिया है।

### हाथ के दीयों से जगमगाएगा रामपुर


रामपुर। रामपुर में शहर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने हाथ से बने दस लाख दीयों का ऑर्डर देकर जिले को रोशन करने और दीया हाट बनवाने की बात कही है। साथ ही शहर विधायक ने सभी लोगों से भारतीय परंपरा के मुताबिक दीपावली मानने का आह्वान करते हुए प्रजापति समाज को आर्थिक रूप से मजबूत करने की बात कही है। दीपावली पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने माटी कला को बढ़ावा देने के लिए खुद दस लाख दीयों का ऑर्डर दे दिया। उन्होंने बताया कि ये दीए छोटी दीपावली पर ज्वालानगर में जगमगाएंगे। जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग भारतीय परंपरा के अनुरूप दीपावली मनाएं तो प्रजापति समाज का आर्थिक रूप से भी उन्नयन हो सकेगा। दीपावली का त्यौहार नजदीक है। ऐसे में सभी लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। घरों की साफ-सफाई से लेकर सजावट आदि के लिए बाजारों से नए-नए उत्पादों की खरीदारी हो रही है। ऐसे में सोमवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ग्राम परतापपुर पहुंच गए। उन्होंने गांव में सभी हस्त शिल्पियों से उनके घर जाकर मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही अपने हाथ से चाक पर दीये बनाए।

# लखनऊ में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार

एजेंसी

मोहनलालगंज। लखनऊ में सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।




हादसा नगराम थाना क्षेत्र के बजगिहा पुल के पास नगराम-गंगागंज रोड पर हुआ। नगराम थाना प्रभारी विनोद तिवारी ने बताया कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी महेंद्र उर्फ लल्लू (20) और मलौली गांव निवासी रितेश उर्फ कल्लू (22) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चालक ने चढ़ाया ट्रक

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक घटनास्थल से कुछ दूर पहले ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें महेंद्र को मामूली चोट आई थी। इसके बाद महेंद्र और रितेश ने ट्रक का पीछा किया और कुछ दूर आगे एक पेट्रोल पंप के पास बाइक सड़क पर खड़ी कर ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने ट्रक रोकने के बजाय दोनों युवकों पर चढ़ा दिया। जिसमें महेंद्र और रितेश की मौत हो गई।

# डस्ट पॉल्यूशन फैलाने पर कानपुर मेट्रो पर कार्रवाई

## पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने साढ़े 52 लाख का लगाया जुर्माना

कानपुर। मेट्रो के निर्माण के दौरान वायु प्रदूषण रोकने में असफल मेट्रो अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मेट्रो कार्पोरेशन पर साढ़े 52 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इससे पहले भी बोर्ड ने कानपुर मेट्रो को डस्ट पॉल्यूशन रोकने के इंतजाम करने का नोटिस दिया था।

### मेट्रो नहीं कर पा रहा पॉल्यूशन रोकने के इंतजाम

गुरुदेव चौराहा और जीटी रोड पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के तहत 26 लाख और 26.50 लाख का जुर्माने की संस्तुति कर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जोकि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क निगरानी टीम की रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की गई है।



बोर्ड के क्षेत्राधिकारी डॉ. अमित मिश्रा ने बताया कि मेट्रो के निर्माण से फैल रहे वायु प्रदूषण को रोकने के लिए डीएम विशाख जी ने तीन टीमें बनाई हैं। इसके अलावा बारादेवी, किदवई नगर बसंत विहार, नौबस्ता समेत कई जगह पर धूल व मिट्टी उड़ती मिली।

### डीएम के निर्देश पर 3 टीमें कर रही निगरानी

पहली टीम एलिवेटेड निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन बारादेवी व अन्य साउथ सिटी की निगरानी कर रही है। इसमें एसीएम प्रथम और क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी हैं। दूसरी टीम भूमिगत निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन सेंट्रल, झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर के काम को देख रही है। इसमें एसीएम द्वितीय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी है।

तीसरी टीम एसीएम पंचम के नेतृत्व में भूमिगत निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन के काम को बड़ा चौराहा, नयागंज और चुन्नीगंज तक निरीक्षण कर रही है। बोर्ड के क्षेत्राधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा लगातार गुरुदेव चौराहा और जीटी रोड का निरीक्षण किया गया। जिसमें मानकों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा था।

नोटिस देने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया। जिस पर मेट्रो कार्पोरेशन गुरुदेव चौराहा और जीटी रोड पर कुल 55.50 लाख जुमाने की संस्तुति कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### बोर्ड लगातार कर रहा है कार्रवाई

बता दें कि इससे पहले भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कार्रवाई करते नोटिस जारी किया था।

वहीं कुछ दिन पहले ही UPPCB ने नगर निगम, मेट्रो, सेतु निगम समेत आधा दर्जन विभागों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी थी। इसमें शहर में बढ़ते प्रदूषण का मुख्य वजह शहर में जगह-जगह हो रही खुदाई और निर्माण से उड़ रही धूल है। धूल-मिट्टी उड़ने और कूड़ा जलने से प्रदूषण फैलना बताया था।

# फतेहपुर में नहर में मिली बाइक और मृत युवक

फतेहपुर। फतेहपुर में बुआ के घर बाइक से निकले युवक का शव एक नहर में पड़ा मिला। वहीं पास से ही उसकी बाइक भी बरामद की गई है। किसानों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस क्रम में युवक की पहचान के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंचे पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

मामला जिले के खागा कोतवाली रसूलपुर सानी मजरे सेमरा पावर हाउस की पास से गुजरने वाली नहर का है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर जानकारी कर परिवार के लोगों को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे मृतक युवक के पिता हरिश्चंद्र निवासी राजा तारा जिला कौशाम्बी ने बताया ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका 40 वर्षीय पुत्र राम बाबू बीती दिन रात में घर से बाइक लेकर अपनी बुआ के घर खागा आया था। जिस तरह से बेटे का शव मिला है, उससे यह लगता है कि किसी ने हत्या कर दी है।

इस मामले में डीएसपी खागा ब्रज मोहन राय ने बताया कि एक युवक का शव सड़क किनारे गड्ढे में मिला है और उसकी बाइक भी पड़ी मिली है। रात में किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी होगी। इसके बाद युवक बाइक के साथ गड्ढा में गिर गया और पानी में डूबने से मौत हो गई होगी। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### सिदरा अमीन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

ढाका। पाकिस्तान की खिलाड़ी सिदरा अमीन पर बंगलादेश खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को पाकिस्तान महिला बनाम बंगलादेश महिला मुकाबले के दौरान यह घटना पाकिस्तान की पारी के छठे ओवर में घटी जब सिदरा ने लेग बिफोर विकेट दिए जाने पर असहमति जताई। वह मैच में सिर्फ सात रन ही बना सकीं। आईसीसी की जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कार्मिक के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके अलावा, सिदरा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जिसके लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला अपराध था। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक करना होता हैं। सिदरा ने अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रेफरी के नेयामुर राशिद की प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

### श्रीलंका सरकार ने देश के क्रिकेट बोर्ड को किया बर्खास्त

कोलंबो । श्रीलंका सरकार ने क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ विश्व कप 2023 के लीग मैच में 302 रनों से मिली करारी हार के बाद वहां के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया है। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने विश्वकप में भारत से 302 रनों से मिली हार के बाद बोर्ड के सभी सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है। खेलमंत्री कार्यालय ने यहां जारी एक बयान में कहा देश के 1996 विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। खेल मंत्री रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट के लिए अंतरिम समिति का गठन किया है। नए सात सदस्यीय पैनल में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज और एक पूर्व बोर्ड अध्यक्ष भी शामिल हैं। सरकार ने यह कदम बोर्ड के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी मोहन डी सिल्वा के पद छोड़ने के एक दिन बाद आया। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह मेजबान भारत के हाथों श्रीलंका की विश्व कप में 302 रन से हार के बाद रणसिंघे ने सार्वजनिक रूप से पूरे बोर्ड के इस्तीफे की मांग की थी।

### क्विंटल और मोहसीन का जबरदस्त प्रदर्शन

झुहाई (चीन)। एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) के पांचवें राउण्ड की रेस 2 में ज़बरदस्त मुकाबले के बीच आईडेमिट्सु होण्डा इंडिया रेसिंग टीम ने झुहाई इंटरनेशनल सर्किट में चार पॉइन्ट्स के साथ राउण्ड का समापन किया। भारतीय जोड़ी कवीन क्विंटल और मोहसीन परामबन ने दृढ़ इरादे का प्रदर्शन करते हुए आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग टीम के लिए शानदार परफोर्मेन्स दिया। पांचवें राउण्ड की पहली रेस में कवीन क्विंटल ने 10 लैप की चुनौतीपूर्ण रेस के दौरान अपना पूरा फोकस इंटरनेशनल राइडरों का मुकाबला करने में बनाए रखा। हालांकि पांचवें लैप में एक अन्य इंटरनेशनल राइडर के साथ हल्की सी टक्कर के बावजूद कवीन निडरता से डटे रहे और 19:11.505 के कुल टाईम के साथ 14वें पॉज़िशन पर चैकर्ड लाईन पार कर ली। आज के फाइनल राउण्ड में कवीन ने एक बार फिर से अपने रेसिंग कौशल का प्रदर्शन किया और टीम के लिए 4 कीमती पॉइन्ट्स स्कोर करते हुए 18:53.358 के कुल टाईम के साथ 12वें पॉज़िशन पर रेस फिनिश की। दूसरी ओर उनकी टीम के साथी, मोहसीन परामबन ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहली रेस में उन्होंने अपने परफोर्मेन्स को जारी रखते हुए अपनी दृढ़ता और तकनीकों को दर्शाया। उन्होंने 17वें पॉज़िशन पर रेस फिनिश की।

### ओडिशा महिला फुटबॉल टीम ने राष्ट्रीय खेल में जीता स्वर्ण पदक

पणजी। ओडिशा की महिला फुटबॉल टीम ने 37वें राष्ट्रीय खेल में मणिपुर को टाई-ब्रेकर में 4-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है। गोवा के तिलक मैदान में रविवार को खेले गये मुकाबले में निर्धारित समय में 1-1 की बराबरी रहने पर टाई ब्रेकर लागू किया गया। पेनल्टी शूटआउट में ओडिशा ने शक्तिशाली मणिपुर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की। यह दूसरी बार है जब ओडिशा ने राष्ट्रीय खेलों में महिला फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद ओडिशा की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्यारी ज़ाक्सा ने 51वें मिनट में गोल करके ओडिशा को बढ़त दिला दी। हालाँकि, मणिपुर ने 79वें मिनट में नोंगमेइकापम सिबानी देवी के माध्यम से गोलकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। टाई-ब्रेकर में ओडिशा के लिए प्यारी ज़ाक्सा, ग्रेस लालरामपारी हौहनार, बान्या कबिराज और एस लिंडा कॉम ने चार पेनल्टी में गोल किए। जबकि मणिपुर की ओर से वांगखेम लिनथोइनगांबी देवी और फानजौबाम निर्मला देवी ही गोल कर सकी। कांस्य पदक मुकाबले में हरियाणा ने 36वें मिनट में तन्नू के महत्वपूर्ण गोल की मदद से बंगाल को 1-0 से हरा दिया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को हराया, 4-0 से जीता स्वर्ण पदक

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी का खिताब जीत लिया। भारतीय महिला टीम ने फाइनल मुकाबले में जापान को 4-0 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया है। इससे पहले, शनिवार को देश की बेटियों ने एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था। जानकारी के अनुसार, रविवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में फाइनल खेला गया था। जीत के बाद, हॉकी इंडिया ने ट्वीट कर एलान किया कि प्रत्येक खिलाड़ी को तीन-तीन लाख रुपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे। इसकी के साथ सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 1.5 लाख रुपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे। भारत के लिए संगीता कुमारी (17वां मिनट), नेहा (46वां मिनट), लालरेमसिआमी (57वां मिनट) और वंदना कटारिया (60वां मिनट) ने गोल दागे। कृत्रिम रोशनी के चलते मैच 50 मिनट देरी से शुरू हुआ। शुरुआती क्वार्टर में भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा था।

### पुरुषों में रमेश चंद्रा ने जीती हैदराबाद हाफ मैराथन, महिलाओं में प्राजक्ता चैंपियन



हैदराबाद। तेलंगाना के बी रमेश चंद्रा और महाराष्ट्र की प्राजक्ता गोडबोले ने रविवार को यहां हैदराबाद हाफ मैराथन में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रमेश ने एक घंटे 13 मिनट और 10 सेकंड में 21.1 किलोमीटर की दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। सतीश कुमार (1.15: 50) और पीयूष मसाने (1.16: 56) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 28 वर्षीय प्राजक्ता ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए हाफ मैराथन की दूरी को एक घंटे 23 मिनट और 45 सेकंड में तय किया। प्रीनू यादव (1.24.46) और तेजस्विनी उम्बकाने (1.25.11) ने उनके बाद दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौड़ में 8000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। बाद में तेंदुलकर और राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने की राष्ट्रीय खेलों में स्वर्णिम वापसी

पणजी। फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप 2018 का खिताब जीतने के बाद आर्थिक तंगी के कारण टेनिस कोर्ट से दूरी बनाने वाले सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने 37वें राष्ट्रीय खेलों के टेनिस स्पर्धा में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीत कर धमाकेदार वापसी की है।

विश्वकर्मा ने अपने राज्य के साथी सिद्धार्थ रावत को तीन सेटों में हराया और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने रावत के साथ मिलकर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता था।

भारत के टेनिस स्टार सिद्धार्थ विश्वकर्मा 2018 में नई बुलंदियों को छू रहे थे और उसी साल उन्होंने फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। इसके बाद सबको यह उम्मीद थी कि वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखेंगे लेकिन उन्होंने फिर सर्किट छोड़ दिया और नोएडा में एक स्थानीय अकादमी में कोचिंग देनी शुरू कर दी क्योंकि उनके माता-पिता उनका खर्च वहन नहीं कर सकते थे। सिद्धार्थ ने साल की शुरुआत में एक बार फिर से वापसी की और पिछले महीने फेनेस्टा ओपन का खिताब अपने नाम किया। अपने उसी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखते हुए विश्वकर्मा ने रविवार को फतोर्दा इंडोर स्टेडियम में 37वें राष्ट्रीय खेलों के टेनिस स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया।

वाराणसी में जन्मे खिलाड़ी ने कहा, मुझे आज इस स्पर्धा में यूपी का पहला टेनिस स्वर्ण पदक जीतकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं राष्ट्रीय खेलों में अपने पहले प्रदर्शन के लिए इससे अधिक कुछ नहीं मांग सकता था। यह बहुत अच्छा एहसास है। ऐसा लग रहा था कि गर्मी की परिस्थितियों के कारण 29 वर्षीय खिलाड़ी की ताकत खत्म हो रही थी, लेकिन निर्णायक मुकाबला जीतने के लिए उसके पास पर्याप्त मौके थे।




उन्होंने मैच के बाद कहा, ऐसा लगा जैसे मैं न केवल अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मुकाबला खेल रहा था, बल्कि आज के मौसम के साथ भी मुकाबला कर रहा था क्योंकि गर्मी में यह मैच जितना लंबा चला, मुझे वास्तव में अपने खेल के स्तर को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अंत में, अपनी सर्विस पर भरोसा करने और आक्रामक ग्राउंड स्ट्रोक पर भरोसा करने की मेरी रणनीति महत्वपूर्ण क्षणों में काम आई।

विश्वकर्मा का शुरुआती जीवन भी कठिनाइयों भरा रहा है। उनके पिता वाराणसी में एक फैक्ट्री कर्मचारी हैं और माँ एक गृहिणी हैं। इससे उनके लिए टेनिस में अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए धन जुटाना हमेशा कठिन था।

उन्होंने कहा, मैं जिस खेल को 9 साल की उम्र से खेल रहा था, उसे छोड़ना मेरे लिए बेहद दुखद था। लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता था क्योंकि मेरे परिवार के पास मेरे सपने को पूरा करने के लिए आवश्यक धन नहीं था। यह निराशाजनक भी था क्योंकि प्रदर्शन के लिहाज से 2018 मेरे लिए बहुत अच्छा साल था। मैं भारत में 7वें नंबर पर था और नियमित रूप से 200-300 आईटीएफ रैंकिंग रेंज में खिलाड़ियों को हरा रहा था, जबकि खुद मेरी रैंकिंग काफी नीचे थी।

विश्वकर्मा ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा, मुझे खेल पसंद है,लेकिन प्रतिस्पर्धा करने या ट्रेनिंग करने के लिए पैसे नहीं होने के कारण अच्छी सुविधा नहीं मिल पाती थी। मैंने एक अकादमी में कुछ समय के लिए टेनिस कोच के रूप में भी काम किया क्योंकि मैं व्यावहारिक रूप से खेल के अलावा और कुछ नहीं जानता था।

यह करीब चार साल तक चला जब तक कि विश्वकर्मा फिर से अपने पूर्व कोच रतन प्रकाश शर्मा के संपर्क में नहीं आए। प्रकाश शर्मा ने उन्हें सपोर्ट करने और ट्रेनिंग देने की पेशकश की क्योंकि उन्हें लड़के की प्रतिभा पर पूरा विश्वास था।

अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, विश्वकर्मा ने कहा, जब मैं इतने लंबे अंतराल के बाद वापस आया, तो मैं अभ्यास से इतना बाहर था कि मैं मुश्किल से दो गेंदों को भी ठीक से हिट नहीं कर पा रहा था। मेरे साथी मुझ पर हंसते थे और मेरे चेहरे पर या मेरी पीठ पीछे मुझे नीचा दिखाने वाली बातें कहते थे। सच कहूँ तो, जब मेरे मन में हार मानने का विचार आया, तब भी इसने मुझे उन सभी के सामने यह साबित करने के लिए और भी अधिक प्रेरित किया कि मैं क्या करने में सक्षम हूं।

उन्होंने कहा, अब जब मैंने ऐसा कर लिया है, तो मैंने उन्हें हमेशा के लिए उनकी बोलती बोलती बंद कर दी है। मैंने कभी लोगों को यह कहते नहीं सुना कि मैं अब कभी कुछ नहीं करूंगा।

## सेमीफाइनल में जगह के लिए अफगान लड़ाकों का आज पहला इम्तिहान

मुंबई। अफगानिस्तान को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को कड़ा इम्तिहान देना होगा। आंकड़ों के अनुसार अगर अफगानिस्तान विश्व कप में अपने शेष दोनों मैच जीत लेता है तो वह सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा लेकिन इसके लिए उसे कल ऑस्ट्रेलिया की चुनौती से पार पाना होगा। यह पहला मौका है जब अफगानिस्तान विश्व कप के इतने नजदीक पहुंचा है। अफगान लड़ाके जीत की हैट्रिक लगाने के बाद उत्साह से लबरेज हैं। दूसरी ओर पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया दो शुरुआती झटकों के बाद पूरी लय में है। उसे दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच मैच जीतकर फॉर्म हासिल कर लिया है और सेमीफाइनल की दहलीज में खड़ा है। ऑस्ट्रेलिया के क्वालीफाइ करने की उम्मीदें मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल की संभावित उपलब्धता से बढ़ गई हैं। यह देखना होगा कि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और कैमरून ग्रीन, मार्श और मैक्सवेल के लिए रास्ता बनाते हैं, या विशेषज्ञ बल्लेबाजों में से एक को किनारे पर रखा जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के पास हर विभाग में स्तरीय खिलाड़ी हैं, इसलिए अगर अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## कर्नाटक की 13 साल की जलपरी ने पूल में फैलायी सनसनी

पणजी। कर्नाटक की धिनिधि देसिंघु कोई किशोरी नहीं हैं। 2010 में जन्मी यह तैराक वास्तव में जीवन में चीजों की 'खोज' करने की परवाह नहीं करती है और उनके कोच की मानें तो वह निर्देशों को सुनने और उन्हें लागू करने में सर्वश्रेष्ठ हैं।

13 साल की लड़की खुद को पूरी तरह से अंतर्मुखी बताती है और कहती है कि पांच साल पहले, अगर आपने मुझसे बात करने की कोशिश की होती, तो मैं आपसे बात नहीं कर पाती लेकिन हांग्झोऊ एशियाई खेलों में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय तैराक ने गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट पुरस्कार के लिए दावा पेश करने के लिए कैंपल स्विमिंग पूल में सात स्वर्ण पदक जीते।

धनिधि और उनकी कर्नाटक टीम की साथी नीना वेंकटेश दोनों ने तैराकी प्रतियोगिता के आखिरी दिन में पांच-पांच स्वर्ण पदक के साथ प्रवेश किया था और यह स्पष्ट था कि जो कोई भी 100 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग का खिताबी जीतेगी, वह अधिकतम स्वर्ण पदक जीतने के रिकॉर्ड को अपने नाम करेगी।

बेंगलुरु की रहने वाली धनिधि ने कहा, सच कहूँ तो, मैं यहाँ इस बारे में कुछ भी सोचकर नहीं आई हूं। मैं बस इस बात से खुश थी कि मुझे यहां नौ स्पर्धाओं में तैरने का मौका मिल रहा है क्योंकि गुजरात में पिछले राष्ट्रीय खेलों में मुझे केवल दो स्पर्धाओं में तैरने का मौका मिला था। मैं सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित कर रही थी और जानती थी कि अगर मैं ऐसा कर सकी तो मैं जीतूंगी।

धिनिधि 100 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर बटरफ्लाई वर्ग में पदक से चूक गईं, जहां वह क्रमश: 7वें और 4वें स्थान पर रहीं। लेकिन उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 फ्रीस्टाइल रिले, 4×100 मेडले, 4×200 फ्रीस्टाइल रिले, 4×100 मिश्रित रिले और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में सात स्वर्ण पदक जीते।

डॉल्फिन एक्वेटिक्स अकादमी में धीनिधि के कोच मधुकुमार बीएम बताते हैं कि सावधानीपूर्वक तैयारी और दिनचर्या उनकी सफलता की वजह रही है।

उन्होंने कहा, वह अपने से कहीं अधिक उम्र के तैराकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। उनके पास स्वभाविक ताकत है और इससे मदद मिलती है। लेकिन उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अभी भी कुछ रास्ता तय करना है और एक कोच के रूप में यह मेरे लिए बहुत उत्साहजनक है।

तैराकी अब धनिधि के जीवन का केंद्र बिंदु बन गई है, लेकिन किसी ने वास्तव में उस दिन के बारे में नहीं सोचा था जब उसके माता-पिता देसिंघु और जेसिथा विजयन ने उसे अपने निवास के पास एक तैराकी में नामांकित करने का फैसला किया था, यह उम्मीद करते हुए कि उनकी अंतर्मुखी बेटी की कुछ दोस्त बनाएगी।

जेसिथा ने बताया कि कैसे उन्होंने धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से अपनी बेटी को पानी में खेलने की आदत डाल दी। उन्होंने कहा, वह इतनी डरी हुई थी कि उसने क्लास में जाने से इनकार कर दिया। चूंकि, हमने पहले ही पैसे चुका दिए थे, इसलिए मैंने तैराकी सीखना बंद कर दिया।

# फिलिस्तीनी एक्टिविस्ट अहद तमीमी गिरफ्तार

### इजराइल ने आतंक फैलाने का आरोप लगाया; 16 साल की उम्र में इजराइली सैनिक को तमाचा मारा था

तेल अवीव। इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली सेना ने 22 साल की फिलिस्तीनी एक्टिविस्ट अहद तमीमी को गिरफ्तार कर लिया है। AFP के मुताबिक, तमीमी को हिंसा और आतंक भड़काने के लिए वेस्ट बैंक से अरेस्ट किया गया है। तमीमी ने 16 साल की उम्र में इजराइली सैनिक को तमाचा मारा था। तब से अहद वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के लिए हीरो बन गई।

यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक तमीमी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर इजराइल के खिलाफ लिखा था- यहूदियों हम तुम्हारा इंतजार कर रहे हैं। हेब्रोन से लेकर जेनिन तक हम तुम्हारा कत्लेआम करेंगे। तुम कहोगे कि हिटलर ने तुम्हारे साथ जो किया वो तो सिर्फ मजाक था। तमीमी ने आगे लिखा- हम तुम्हारा खून पी जाएंगे। तुम्हारी खोपड़ी को खा जाएंगे।



#### पीएम मोदी की ईरान के राष्ट्रपति से बातचीत

पश्चिम एशिया के ताजा हालात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी से बातचीत की। 7 अक्टूबर को इजराइल और हमास के बीच शुरू हुई जंग के मद्देनजर दोनों नेताओं ने आम नागरिकों के मारे जाने पर चिंता जताई। फोन पर हुई इस बातचीत में मोदी ने रईसी को भारत की इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर राय भी बताई। इसके अलावा दोनों देशों के आपसी कारोबार चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट भी इस बातचीत का मुद्दा रहा।

#### कतर में हमास चीफ से मिले पाकिस्तानी नेता

पाकिस्तान की पॉलिटिकल पार्टी जमात ए उलेमा ए इस्लाम के हेड फजलुर रहमान ने कतर में हमास नेताओं से मुलाकात की। रिपोर्ट्स के मुताबिक फजलुर रहमान कतर में हमास चीफ इस्माइल हानिये से मिले।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक रहमान हमास के पूर्व चीफ खालेद मेशाल से भी मिले। इस मुलाकात में उन्होंने फिलिस्तीन के अलावा कश्मीर के मुद्दे पर बातचीत की।

हमास के पूर्व चीफ खालेद ने कहा- जो देश मानवाधिकारों की बात करते हैं, वे ही हथियारों से भरे जहाज इजराइल भेज रहे हैं।

## तालिबान की चेतावनी- पाकिस्तान हमारे लोगों को इज्जत से भेजे

### डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर बोले- उनके साथ क्रूरता हुई तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें

पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने 17 लाख अफगान शरणार्थियों को 1 नवंबर तक वापस अपने मुल्क लौटने को कहा था। लोगों ने सरकार के फरमान का पालन करते हुए पाकिस्तान छोड़ना शुरू कर दिया। इसके चलते पाकिस्तान-अफगान बॉर्डर पर लोगों की भीड़ लगी है।



इस बीच तालिबान के डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान अफगानियों के साथ कोई क्रूरता नहीं करे। टोलो न्यूज को याकुब ने कहा- पाकिस्तान की सरकार उनकी पर्सनल प्रॉपर्टी और सामान को न छीने।

तालिबान ने कहा है कि शरणार्थियों के विरोध बनाई गई पाकिस्तान की पॉलिसी से दोनों देशों के रिश्ते पर बुरा असर पड़ेगा। इसलिए अफागिस्तान के लोगों के साथ कोई भी ज्यादति करने से पहले पाकिस्तान सोच ले। पाकिस्तान जो बोएगा उसे वही काटना भी होगा।

तालिबान के डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर ने इस पूरे मामले में ह से दखल की अपील की है। दरअसल, पाकिस्तान ने कहा है कि जो अफगानी गैर कानूनी तरीके से पाकिस्तान में रहेंगे उन्हें जेल में डाल दिया जाएगा। पाकिस्तान की फौज अवैध अफान प्रवासियों को ढूंढ़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। पाकिस्तान ने कहा था कि शरणार्थी बनकर रह रहे अफगान नागरिक ही पाकिस्तान में बम धमाके कर रहे हैं।

#### पाक गृह मंत्री ने कहा था- 24 में 14 हमले अफगानियों ने किए

पाकिस्तान के गृह मंत्री सरफराज बुगती ने आरोप लगते हुए कहा था- देश में हुए अब तक 24 फिदायीन हमलों में से 14 हमले अफगानिस्तान के नागरिकों ने किए हैं। हालांकि, तालिबान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया में सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सोमवार को एक कार दुर्घटना में दो किशोर की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल के सहायक आयुक्त ब्रेट मैकफैडेन ने संवाददाता सम्मेलन को बताया कि हादसा दक्षिण पश्चिम सिडनी के उपनगर एशक्रॉफ्ट में मैक्सवेल्स एवेन्यू में उस वक्त हुआ, जब तेज रफ्तार वाहन अपने यथास्थान पर जा रहा था। उसी दौरान नियंत्रण खो जाने के कारण एक टेलीग्राफ पोल से टकरा गया। इसमें सवार चार युवकों में दो की मौत हो गयी जबकि चार वाहन टकराने से पहले बाहर निकलकर भाग गए। मृतकों की उम्र करीब 10 से 15 साल के बीच है। पुलिस भागे हुए दो यात्रियों की तलाश कर रही है। एनएसडब्ल्यू सरकार के आंकड़ों से पता चला है कि रविवार तक, राज्य की सड़क दुर्घटनाओं में इस साल 299 लोगों की मौत हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में मरने वालों की संख्या 234 थी।

### पाकिस्तान के स्पीकर ने राजनीतिक दलों से बातचीत का विकल्प चुनने का आग्रह किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नेशनल असेंबली के स्पीकर राजा परवेज अशरफ ने सभी राजनीतिक दलों से देश की बेहतरी के लिए बातचीत का विकल्प चुनने का आग्रह किया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र द न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अशरफ ने कहा कि वर्तमान और भविष्य के बीच ज्यादा दूरी नहीं है और उन्होंने आगे बढ़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, मैं अभी भी सोचता हूं और मैंने पहले भी कई बार कहा है कि परामर्श करें और सभी को बैठाकर बातचीत शुरू करें। अंतर-राजनीतिक दल संवाद खोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा देश में पांच साल बाद उठाए जाने वाले मुद्दे से नेता अपने बयान बदल लेते हैं और साथ ही इससे देश के नागरिक भ्रमित होते हैं और हम नफरत फैल रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि कहा कि सेना के साथ किसी भी मुद्दे को सार्वजनिक या सोशल मीडिया के बजाय निजी तौर पर बंद कमरे में संस्था के साथ बैठकर हल किया जाना चाहिए। अशरफ ने राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी को लेकर कहा कि वह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर है। ऐसी क्या मजबूरियां थीं कि यह धारणा उभरी कि वह (अल्वी) राष्ट्रपति पद से ज्यादा पीटीआई का प्रतिनिधित्व करते हैं? इसलिए यह कोई सकारात्मक बात नहीं है और उन्हें इससे बचना चाहिए। चुनाव की तारीख की घोषणा पर अशरफ ने कहा कि यह सबसे अच्छा होता अगर राजनीतिक दल उच्चतम न्यायालय को इसमें शामिल करने के बजाय खुद इस मामले से निपटते।

### चुनाव मामले में सीजेपी की टिप्पणी के बाद अल्वी को स्वेच्छा से इस्तीफा दे देना चाहिए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री सीनेटर इशाक डार ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से चुनाव में देरी मामले में उनके खिलाफ मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) की टिप्पणियों के बाद अपने पद से इस्तीफा देने का आग्रह किया है। डार ने जियो न्यूज के कार्यक्रम जिरगा में कहा कि राष्ट्रपति के लिए यह उपयुक्त होगा कि वह स्वेच्छा से पद छोड़ दें क्योंकि उनका संवैधानिक कार्यकाल समाप्त हो गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश काजी फ़ैज़ ईसा की हालिया टिप्पणी का हवाला दिया कि श्री अल्वी ने आम चुनावों की तारीख की घोषणा न करके संविधान का उल्लंघन किया है। शीर्ष न्यायाधीश ने पिछले सप्ताह विधानसभाओं के भंग होने के 90 दिनों के भीतर समय पर चुनाव की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। डार ने कहा, उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद बेहतर होगा कि राष्ट्रपति स्वेच्छा से इस्तीफा दे दें। उन्होंने अगले साल 08 फरवरी को होने वाले आगामी आम चुनावों के बारे आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के कारण फरवरी के अंत तक चुनावों में और देरी हो सकती है।

### पुलिस स्टेशन पर हमला, पुलिस कांस्टेबल घायल

डेरा स्माइल खान। पाकिस्तान के शहर डेरा इस्माइल खान में स्थित पुलिस थाने पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। पाकिस्तानी समाचारपत्र द न्यूज ने सोमवार को अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सशस्त्र आतंकवादियों ने रविवार देर रात पुलिस स्टेशन पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस कर्मियों और हमलावरों के बीच गोलीबारी हुई। करीब एक घंटे तक चली गोलीबारी में पुलिस कांस्टेबल वहीद गुल घायल हो गए। उन्हें टैंक के जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद आतंकवादी इलाके से भाग गये। जिला पुलिस अधिकारी टैंक इफ्तिखार अली शाह तुरंत पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी के साथ मौके पर पहुंचे। संदिग्धों की तलाश के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया। इससे पहले, शुक्रवार को डीआई खान के टैंक अड्डा इलाके में एक पुलिस वैन को निशाना बनाया गया। इसमें करीब छह लोग मारे गए और दो पुलिसकर्मियों सहित 30 से अधिक घायल हो गए। वाहन डेरा इस्माइल खान शहर में इजाज शहीद पुलिस लाइन से कुलाची तहसील की ओर जा रहा था जब उस पर रिमोट-नियंत्रित विस्फोट से हमला किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को दिया अधिकार : स्वाती सिंह



जबलपुर। सनातन संस्कृति में महिलाओं को अदर्धागिंनी कहा जाता है और जब तक आधा अंग को आधी हिस्सेदारी नहीं मिलेगी तब तक किसी देश का संपूर्ण विकास कैसे हो सकता है। इस बात को समझा नरेंद्र मोदी ने और उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार देने का काम किया, जिससे आज देश प्रगति पथ पर आगे बढ़ चला।

ये बातें उप्र सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही। वे जबलपुर के उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अभिलाष पांडेय के समर्थन में आयोजित महिला मोर्चा कार्यक्रम की अतिथि के रूप में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आज इजराइल की सेना इसीलिए विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। कई मुस्लिम देशों के साथ लड़ रही है, क्योंकि वही एक ऐसा देश है, जहां पर लगभग पचास प्रतिशत महिलाएं सेना में है। इससे पूरी दुनिया को सबक लेने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भाजपा को जीताने में महिलाओं की अहम भूमिका होगी, क्योंकि महिलाएं जानती हैं कि उनके स्वाभिमान को भाजपा ही पूरा कर सकती है। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश महिला मोर्चा की महामंत्री अश्विनी पाराजंपे, विवेकानंद मंडल आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का किया औचक निरीक्षण

बलरामपुर। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकरी को अभिलेखों के बस्तों पर संख्या अंकित नहीं मिली। नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बस्तों पर अनिवार्य रूप से संख्या अंकित की जाये। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि अभिलेखागार से जारी होने वाली नकल क्रमबद्ध रूप से नहीं जारी की जा रही है तथा नकल सवाल भी विलम्ब से जारी किया जा रहा है। निरीक्षण में पाया गया कि चार अक्टूबर 2023 के बाद कोई भी नकल सवाल नहीं जारी किया गया है। इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखपाल को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रत्येक दशा में दो दिन के अन्दर नकल सवाल जारी कर दिये जाऐं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभिलेखागार का रजिस्टर अक्टूबर माह में बदला जाना चाहिए था, उसे समय से नहीं बदला गया है और रजिस्टर में कई सवाल छूट गये हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निष्प्रयोज्य अभिलेखों को अभिलेखागार से हटाया जाय तथा अभिलेखागार की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाय। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट संचित मोहन तिवारी, ओएसडी सुरेशचन्द्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


## नरेला तक मैट्रो रुट को मंजूरी नहीं तो आगामी लोकसभा चुनाव में वोट भी नहीं करेंगे उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के लोग



रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट संघर्ष समिति की एक मीटिंग आज नरेला के नंदी राम धर्मशाला में संघर्ष समिति के संयोजक हेमराज बंसल की अध्यक्षता एवं दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष एवं संघर्ष समिति की कोर कमेटी के सदस्य शिक्षाविद् श्री दयानंद वत्स भारतीय, प्रदीप मंगल, श्री एन.डी अरोड़ा, श्री अब्बास अली, सरदार राजिंद्र सिंह पद्म, श्री जोगिंदर दहिया, श्री मोहित गौतम, श्री राजेन्द्र सिंघल, डॉ रजनीश, सेठ श्री किशन दास, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली नगर निगम के मनोनीत पार्षद श्री मुकेश मान, रियासत अली सहित बड़ी संख्या में बवाना और नरेला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। मीटिंग में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से एक बार फिर से केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी से निवेदन किया है कि वे इसी चौथे फेज की बची हुई तीन लंबित मैट्रो लाईनों में रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट को भी मंजूरी दें। अन्यथा इस बार क्षेत्र के लोगों ने मन बना लिया है कि मैट्रो नहीं तो वोट नहीं। रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट के लिए पिछले 23 सालों से संघर्ष कर रहे बरवाला निवासी शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि मैट्रो के पहले ही फेज मे शाहदरा से बरवाला तक का रुट स्वीकृत था। जिसे बाद में चौथे फेज तक लटकाया जाता रहा ? संघर्ष समिति के श्री प्रदीप मंगल ने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप पुरी के साथ 17 अगस्त 2023 हुई संघर्ष समिति की बैठक में मंत्री पुरी साहब ने प्रतिनिधि मंडल को कहा था कि आपका काम हो गया है जाओ जाकर नरेला में। मिठाई बांटो। मैं खुद उद्घाटन करने नरेला आऊंगा। लेकिन शहरी विकास मंत्रालय फिर से इस रुट को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है। संघर्ष समिति को आशंका है कि सरकार चौथे चरण में भी रिठाला नरेला रुट को मंजूरी देने के मूड में नहीं है और इसी लिए इस रुट को नरेला से हरियाणा के कुंडली तक विस्तार देने की घोषणा मैट्रो ने की। यह सब इस लाईन को डिले करने की कवायद का हिस्सा है। अब 31अक्टूबर 2023 संघर्ष समिति ने ओएसडी यूटी जयदीप को पत्र लिखकर उनसे वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने और मैट्रो को इसी साल मंजूरी देने की मांग की है। रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट संघर्ष समिति कोर कमेटी के सदस्य शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर पोस्ट कर उनसे इस लाईन को चौथे फेज में ही मंजूरी देने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है अबकी बार आर या पार।

# शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती ने किया 'जनता सर्वोपरि' पुस्तक का लोकार्पण

### शंकराचार्य ने कहा गरीबी हटाओ यही धर्म का उपदेश



लखनऊ। कांची कामकोटि पीठ के 70 वें पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती ने सोमवार को माधव सभागार निरालानगर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों पर आधारित पुस्तक जनता सर्वोपरि का लोकार्पण किया। इस पुस्तक को पत्रकार बृजनन्दन राजू ने लिखी है।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल,विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त मंत्री देवेन्द्र मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुभाष अग्रवाल,गोपाल कृष्ण अग्रवाल और वरिष्ठ पत्रकार आशीष वशिष्ट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती ने कहा कि ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करना हि मनुष्य जीवन का परमतात्पर्य है। जो गरीब हैं जो असमर्थ है जिसे सेवा की जरूरत है ऐसे व्यक्तियों की मद्द करना यही हिन्दू सनातन वैदिक धर्म है। गरीबी हटाओ यही धर्म का उपदेश है।

शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती ने कहा कि हिन्दू धर्म सामाजिक है। हिन्दू धर्म वैज्ञानिक है। संसार में अच्छा व्यवहार करना। जो करें अच्छे से करें सत्य का विचार करें। सत्य का अन्वेषण करें। परमार्थ का कार्य करें। चित्त शुद्धि प्राप्त करें। रामकथा कहीं भी हो वह सुनना चाहिए। उसे श्रवण यज्ञ कहते हैं।

शंकराचार्य ने बताया कि मैं अयोध्या होकर आ रहा हूँ। राम मंदिर के निर्माण के साथ—साथ अयोध्या नगरी भी सुंदर बन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को छोटे—छोटे मंदिरों की भी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्मणपुरी में हम पहले भी आ चुके हैं अपने गुरूजी के साथ।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि 500 वर्षों के सतत संघर्ष के परिणाम स्वरूप अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य दिव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश देशभर में गया है। अब देशभर में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर—घर जाकर रामोत्सव मनाने का आमंत्रण देंगे। उन्होंने उपस्थित जनता से अपील की है कि वह प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या न जाकर बाद में परिवार समेत दर्शन करने जायं।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त मंत्री देवेन्द्र मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में हिन्दुत्व व हिन्दू संस्कृति के उत्थान के बहुआयामी कार्य हुए हैं। वहीं जनता के कल्याण के लिए भी हर स्तर पर काम किये गये हैं। इस पुस्तक जनता सर्वोपरि में सरकार द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुभाष अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का नाम आज प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश व दुनियाभर में लिया जा रहा है। काम तो सभी सरकारें करती हैं लेकिन जो काम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतत्व में हो रहा है वह कभी नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में अयोध्या मथुरा काशी को नई पहचान मिली है।

बृजनन्दन राजू ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नित नये कीर्तिमान रच रहा है। उत्तर प्रदेश में हुए बदलाव को आज आम आदमी महसूस कर रहा है। समाज के वंचित व उपेक्षित लोगों को सहारा देकर स्वाभिमान का भाव जाग्रत करने का काम योगी आदित्यनाथ ने किया। वनटंगिया व मुसहर समाज के लोगों की चिंता शासनस्तर पर पहली बार हुई है।

बृजनन्दन राजू ने बताया कि जनता सर्वोपरि पुस्तक योगी सरकार के कार्यों पर आधारित है। इस पुस्तक में 21 अध्याय हैं। पुस्तक में विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक माननीय दिनेश चन्द्र का संदेश भी आशीर्वाद स्वरूप मिला है। यह पुस्तक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अमरनाथ जी की प्रेरणा से लिखी गयी है।

## शार्ट न्यूज

### अवैध आतिशबाजी के जखीरा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**गाजीपुर।** थाना जंगीपुर पुलिस को एक अवैध आतिशबाजी के जखीरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। थानाध्यक्ष जंगीपुर अमित पांडे ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से कुल 346 ग्राम अवैध आतिशबाजी पटाखा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपों का नाम अमित कुमार गुप्ता उर्फ लकी गुप्ता पुत्र मुन्नीलाल निवासी वार्ड नंबर 10 शास्त्री नगर जंगीपुर कस्बा का रहने वाला है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के ऊपर विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है और अन्य विधि कार्रवाई थाना जंगीपुर द्वारा प्रचलित है।

### रोशन हॉस्पिटल एंड जच्चा बच्चा केंद्र का पंजीकरण निरस्त

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**




**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** यूनानी चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन करने के बाद प्रसूता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने रोशन हॉस्पिटल एंड जच्चा बच्चा केंद्र का पंजीकरण निरस्त कर दिया है। जनपद के सादुल्ला नगर बाजार में स्थित रोशन हॉस्पिटल जच्चा बच्चा केंद्र में यूनानी चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन करने के बाद बुधवार को एक प्रसूता की मौत हो गई थी। प्रसूता की मौत से आक्रोशित परिजनों ने शव को रोड पर रखकर जमकर हंगामा काटा था। प्रसूता के पति अनिल कुमार जायसवाल ने थाना सादुल्ला नगर मे प्रार्थना पत्र देकर हॉस्पिटल के लापरवाह डॉक्टरों पर प्राथमिकी दर्ज करके कार्यवाही की मांग की थी। जिसको विभागीय अधिकारियो द्वारा हॉस्पिटल का संचालन बन्द करा दिया गया था। पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने एक छ: सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। जिसमे रविवार को जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करते हुए रोशन हॉस्पिटल एंड जच्चा बच्चा केंद्र का पंजीकरण निरस्त कर दिया। एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया है।

### अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था सोशल ऐंड मोटिवेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में मूक बधिर व्यक्तियों के बीच खाना और वस्त्र का वितरण

नई दिल्ली। स्वयंसेवी संस्था सोशल ऐंड मोटिवेशनल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 117 नोएडा में डीफ सोसायटी के बच्चों के लिए दोपहर के खाने की व्यवस्था की गई। संस्था की अध्यक्ष ममता सिंह एवं संस्थापक रवींद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में संस्था के सदस्य उपरोक्त मूक बधीर सोसायटी में जाकर वहां रह रहे व्यक्तियों से मिले और उन्हें दोपहर का खाना खिलाया तथा कपड़े दिए। संस्था की नोयडा प्रभारी कविता सिंह के साथ साथ सोशल एंड मोटिवेशनल रिक्रिएशन क्लब के सदस्य मोहन श्रीवास्तव, कालिंदी श्रीवास्तव, सुमन माथुर, रानी मिश्रा, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, मिनाक्षी गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता एवं अरूणा साह ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर सक्रिय योगदान किया। उपरोक्त सेंटर में 18- 20 वर्ष उम्र वर्ग के ऐसे बच्चे रहते हैं जो मूक बधिर और अनाथ हैं। उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा उन्हें कपड़े दिए गए और आज दो पहर के खाने की व्यवस्था भी की गई। इस कार्यक्रम की व्यवस्था संस्था के सक्रिय सदस्य वेदांश द्वारा की गई। दिल्ली स्थित सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट साहित्य, कला, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था है जो समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है।

### मानव रचना के 13 सौ से ज़्यादा छात्रों को डिग्रियां और छह मानद उपाधियां प्रदान

नयी दिल्ली । मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) में आयोजित दीक्षांत समारोह में 1300 से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गयी और पूर्व भारतीय मुक्केबाज पद्म विभूषण एम सी मैरीकॉम सहित छह विभूतियों को मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया। मानद उपाधि से सम्मानित किये जाने वालों में मैरीकॉम के साथ ही भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित, आश्रम गांधी पुरी के संस्थापक पद्मश्री आगुस इंद्र उदयन,साइकोट्रोपिक्स इंडिया लिमिटेड के संस्थापक नवदीप चावला,सुमन निर्मल मिंडा फाउंडेशन की अध्यक्ष सुमन मिंडा और एडीपी प्राइवेट लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ विपुल सिंह शामिल हैं। मानव रचना यूनिवर्सिटी (एमआरयू), मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) और मानव रचना डेंटल कॉलेज (एमआरडीसी) के इस संयुक्त दीक्षांत समारोह में इन संस्थानों के छात्रों को डिग्रियां और मानद उपाधियां दी गयी।

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

फिरोजाबाद। उत्तरप्रदेश में फिरोजाबाद के अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश एस सी एस सी एक्ट न्यायालय ने दलित युवती के साथ दुष्कर्म आरोपी को दोषी साबित होने के बाद सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड ना देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिले के थाना रामगढ़ क्षेत्र निवासी एक दलित युवक के घर प्रेमवीर यादव पुत्र जगदीश यादव का आना-जाना था। वह आकलाबाद हसनपुर हलपुरा के रहने वाला है। वह आर ओ की बोतल सप्लाई करता था ।पीड़ित अपने पारिजनों के साथ 18 सितंबर 2018 को कहीं गया था। उसकी 18 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान प्रेमवीर यादव वहां आ गया ।वह अपनी भाभी से मिलाने के बहाने उसे ले गया।

## सीसीएल सीजन 10 आगाज़, शेड्यूल का हुआ ऐलान, मनोज तिवारी और निरहुआ की भोजपुरी दबंग इसबार ख़िताब जितने उतरेगी




भारत मे क्रिकेट को एक धर्म और क्रिकेटर को देवताओं की तरह पूजा जाता है । ऐसे में एक ऐसा टूर्नामेंट जिसमें सभी हिंदुस्तानियों के वो चहेते स्टार भी क्रिकेट खेलते नज़र आते हैं जिन्हें हम सिनेमा के बड़े पर्दे पर अभिनय करते हुए देखकर रोमांचित होते हैं। उस सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग का आयोजन इसबार देश और देश से बाहर संयुक्त रूप से होने जा रहा है । जी हां सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीसीएल का ये संस्करण अबकी बार शारजाह से शुरू होकर हिंदुस्तान की धरती पर समाप्त होगा । इस बार सीसीएल में क्रिकेट के रोमाँच का आलम ये होगा कि भोजपुरी दबंग टीम में भोजपुरी सिनेमा का हर सुपरस्टार शामिल होगा , और आपको हर मैच में कोई ना कोई बड़ा सुपरस्टार खेलते हुए या मैच में भोजपुरी दबंग का प्रोत्साहन करते हुए , हौंसला अफ़जाई करते हुए दिखाई देगा ।

मुम्बई में आयोजित एक कार्यक्रम में भोजपुरी दबंग के कप्तान मनोज तिवारी भोजपुरी दबंग के टीम ऑनर अभय सिन्हा और रमेश नैय्यर ने प्रेस को जानकारी देते हुए टूर्नामेंट का कैलेंडर और शेड्यूल जारी किया । इस सीसीएल के 10वें संस्करण का आगाज़ 23 फरवरी 2024 शुक्रवार को शाम 7 बजे से शारजाह में होगा जिसमें पहला मैच मुम्बई हीरोज और केरला ब्लॉस्टर्स के बीच खेला जाएगा। कप्तान मनोज तिवारी, उपकप्तान दिनेश लाल यादव, प्रवेश लाल यादव, सहित सितारों से सजी पिछले साल की रनर्स अप भोजपुरी दबंग का पहला मैच 24 फरवरी को तेलुगु वारियर्स के बीच शारजाह में दोपहर के 2.30 बजे से खेला जाएगा । भोजपुरी दबंग इसबार टूर्नामेंट को जितने के लिए कमर कस चुकी है और टीम ने अपना प्रैक्टिस सेशन भी स्टार्ट कर दिया है । भोजपुरी दबंग का अगला मैच मुम्बई हीरोज के साथ 2 मार्च को त्रिवेंद्रम में 2.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं भोजपुरी दबंग 3 मार्च को चेन्नई में शाम 7 बजे से चेन्नई राइनोस के साथ खेलेगी । भोजपुरी दबंग का चौथा और आखिरी लीग मैच बंगाल टाइगर्स के साथ 9 मार्च को चंडीगढ़ में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा । उसके बाद प्ले ऑफ के मुक़ाबले खेले जाएंगे जिसमें 15 मार्च को पहला क्वालीफायर और पहला एलिमिनेटर विजाग में खेला जाएगा । विजाग में ही बाकी के सारे प्लेऑफ मुकाबले और फाइनल भी खेला जाएगा । सीसीएल के दसवें संस्करण सीसीएल 2024 का फाइनल 17 मार्च 2024 रविवार को शाम 7 बजे से विजाग में खेला जाएगा ।

पिछली बार की रनर्स अप भोजपुरी दबंग्स का हौसला अफ़जाई करने के लिए भोजपुरी दबंग की ब्रांड एम्बेसडर आम्रपाली दुबे भी हर मैच में टीम के साथ उपस्थित रहेंगी , आम्रपाली दुबे के साथ बाकी अभिनेत्रियों के नाम का ऐलान भी जल्द किया जाएगा जो भोजपुरी दबंग के साथ बतौर ब्रांड एम्बेसडर जुड़ने वाली हैं। इसबार सीसीएल 10 के पहले सप्ताह के सारे मैच शारजाह में खेले जाएंगे, उसके बाद के मैच भारतीय सरजमीं पर आयोजित होंगे । सीसीएल से जुड़े सारे अपडेट जल्द ही सबके साथ साझा किए जाएंगे ।

मुम्बई में आयोजित एक समारोह में कैलेंडर लॉन्चिंग करते हुए भोजपुरी दबंग के कप्तान सह भाजपा सांसद अभिनेता मनोज तिवारी ने बताया कि इसबार भोजपुरी दबंग की टीम बड़े पैमाने पर तैयारी करके टूर्नामेंट में उतर रही है और हम पिछली बार रनर्स अप रहे थे इसबार हम विजेता बनकर आएंगे, हमारी तैयारियां पुख्ता है और इसबार हम सबको पटखनी देते हुए जीतकर खिताब दोबारा से अपने पास ले आएंगे ।

## प्रेस ट्रस्ट ऑफ़ हिंदुस्तान की मीटिंग तहसील सभागार उतरौला में संपन्न



**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

उतरौला बलरामपुर। प्रेस ट्रस्ट ऑफ़ हिंदुस्तान की मीटिंग तहसील सभागार उतरौला में आयोजित की गई। इस मौके पर प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान के बलरामपुर जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने संगठन को कैसे आगे बढ़ाया जाए और पत्रकारों के हित में क्या-क्या करना है इस बारे में विस्तार से बताया और प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान को कैसे ऊंचाई तक ले जाया जाए इस बारे में चर्चा हुई। जैसे अभी पत्रकार साथियों का बीमा जो 5 लाख का है इसको नए साल में बढ़कर 10 लाख करवाने का प्रयत्न किया जाएगा द्य संगठन के पत्रकार साथियों के साथ कोई दुर्घटना अगर हो जाती है तो प्रेस ट्रस्ट से उसको तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास करेगा । इसके आगे प्रेस ट्रस्ट की एक आर्थिक इकाई का भी निर्माण किया गया और पत्रकार साथियों को कोई समस्या हो तो सबको संगठित होकर समस्या का समाधान करवाने के लिए एक जुटता पर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव व तहसील अध्यक्ष हाजी निसार उस्मानी समेत तमाम पत्रकार साथी शाहिद हुसैन, पंकज श्रीवास्तव, मसीउद्दीन खान मस्सू, मोहम्मद इसराइल शाह, मोहम्मद अली शाह, अखिलेश कुमार दुबे, मोहम्मद इरफान राजा खान, काजी सोहेल, शहजाद खान, सैयद नुसरत हुसैन, नूर आलम, आदेश कुमार तिवारी, राम गोपाल चौधरी, शाहिद राजा, मोहम्मद करीम, आकाश गुप्ता, रूपक श्रीवास्तव, बीपी बौद्ध, सुरेश कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से टेलीफोन पर बात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैय्यद इब्राहिम रायसी से आज टेलीफोन किया और पश्चिम एशिया में तनाव घटाने, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने तथा शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने के बारे में विचार विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया क्षेत्र की कठिन स्थिति और इज़रायल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने आतंकवादी घटनाओं, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इज़रायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति को भी दोहराया। ईरानी राष्ट्रपति ने स्थिति के बारे में अपना अपना आकलन साझा किया। दोनों नेताओं ने तनाव को रोकने, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने और शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों पक्ष क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता में साझा हित को देखते हुए संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों नेताओं ने बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की भी समीक्षा की और सकारात्मक मूल्यांकन किया।

## विद्या बाल भवन ने धूमधाम से मनाया अपना वार्षिकोत्सव



गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर 11 स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। शिवा द नटराज पर आधारित अनेक प्रस्तुतियां वार्षिकोत्सव का आकर्षण का केन्द्र रहीं। बालीवुड स्टार पुनीत इस्सर बतौर मुख्य अतिथि वार्षिकोत्सव में पधारे। जबकि उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान के अध्यक्ष विकास गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा नेता पप्पू पहलवान, एलआर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. संजय दत्त कौशिक, प्रसिद्ध कवि एवं पत्रकार डॉ. चेतन आनंद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कक्षा चतुर्थ के छात्रों ने गणेश वन्दना की। कक्षा चतुर्थ की छात्राओं ने विद्या की देवी माँ सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत की। कक्षा नर्सरी के छात्रों ने स्वागत गान गाया। इसके बाद पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी, गढ़वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। 'शिवा द नटराज' विषय पर आधारित प्रस्तुतियों में शिव क्या हैं, सत्यम, शिवम, सुंदरम, सती का आत्मदाह, शिव गंगा अवतरण, समुद्र मंथन, शिव-पार्वती मिलन, अघोरी नृत्य को बच्चों ने बहुत रोचक तरीके से पेश किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुनीत इस्सर ने छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को सराहा और कहा कि शिक्षा प्रणाली लगातार विकसित हो रही है। पाठ्यक्रम प्रदान करने की प्रक्रिया में संसाधन प्रमुख भूमिका निभाते हैं। साथ ही विद्यालय के दस वर्ष पूर्ण करने के लिए अपनी बधाई दी।

## आओ ! एक ऐसा दीप जलाएं

अंतस में छाया घोर अंधकार
हिलकोरे मारते कलुषित विचार
जो इनको निर्मल पावन बनाए
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

व्यग्रता भरा है जीवन व्यापार
कुंद शस्त्र ढूँढ़ता तीक्ष्ण धार
नव संचार इनमें कर दिखलाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

शोषित,उत्पीड़ित की सुन चीत्कार
गूँजे आत्मचेतना की हुंकार
पार्थ बनकर वीर खड़ा हो जाए
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

वर्जना से रूँध मानवी पुकार
वीथी में जो बचपन रहा निहार
उनके उर को उन्मिषित कर पाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

आसुरी शक्तियों का कर संहार
विमल-वितान हो संत पुण्यागार
प्रफुल्लित जन-जन वेद-ऋचा गाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

देदीप्यमान भारत भुजा पसार
तिरोहित करे जग के तम का झार
मूल्यों को जो अग्निपंख लगाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

-कल्याणमय आनंद